


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 6 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-159 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### स्वास्थ्यगत कारणों से सीएम का दौरा स्थगित

**रायपुर 6 सितंबर।** मुख्यमंत्री आज का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। मुख्यमंत्री आज रायपुर और गरियाबंद के कई कार्यक्रमों में भाग लेना था। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वास्थ्यगत कारणों से कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। अभनपुर सहित तीन जगहों पर कांग्रेस की संकल्प सभा में मुख्यमंत्री को शामिल होना था। आज अभनपुर विधानसभा के संकल्प शिविर, राजिम विधानसभा के संकल्प शिविर और आरंग विधानसभा के संकल्प शिविर में शामिल होना था। लेकिन वो आज किसी भी शिविर में शामिल नहीं होंगे।

### 8 को नहीं 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे खड़गे

**रायपुर,6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की दोनो बड़ी पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है. इसी कड़ी



में 8 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले थे. लेकिन अब उनके इस दौरा कार्यक्रम में परिवर्तन हुआ है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगड़े अब एक दिन पहले यानी 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले है. वे यहां पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर सकते है. बता दें कि वे 8 तारीख को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे है.

### बुजुर्ग महिला की हत्या

**भिलाई,6 सितंबर।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र बच्चों के विवाद में एक बुजुर्ग महिला की हत्या हो गई। मामला आमा कुंआ चौक पुरैना का है। मामले में भिलाई तीन पुलिस ने धारा 302, 294,506 बी एवं 34 के तहत अपराध कायम कर दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के मुताबिक घटना की शुरुआत 2 सितम्बर को हुई। आमा कुंआ चौक पुरैना में रहने वाली दुर्गावती कश्यप ( 58 वर्ष ) का वहीं रहने वाली इंदु टेम्बूरकर, पलक निषाद और देवानंद निषाद के साथ विवाद हो गया। विवाद छोटे बच्चों को लेकर हुआ। बताते हैं कि बच्चों के बीच विवाद के बाद दुर्गावती कश्यप डंडा लेकर पड़ोसी बच्चों को दौड़ा रही थी। इसे देखकर इंदु टेम्बूरकर के साथ पलक और देवानंद निषाद आकर दुर्गावती कश्यप के साथ गाली गलौज करने लगे। बात बढ़ने पर इंदु टेम्बूरकर और पलक निषाद ने दुर्गावती कश्यप को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और देवानंद निषाद ने डंडे से मारकर घायल कर दिया। मामला थाने पहुंचा और दुर्गावती कश्यप को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### एसपीजी के निर्देशक सिन्हा का निधन

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के निदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अरूण कुमार सिन्हा का आज बुधवार को तड़के गुरुग्राम भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अरुण के एक अस्पताल में निधन हो गया। केरल कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी 61 वर्ष थे। वह लीवर की बीमारी के कारण पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे।



# पुल से कार शिवनाथ में गिरी महिला-पुरुष सहित दो बच्चों की मौत

**भिलाई ,6 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पुलगांव थाना क्षेत्र शिवनाथ नदी में देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। नदी के छोटे पुल से बोलेरो पिक अप वाहन गिर गई एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने आज सुबह सर्चिंग आपरेशन चलाकर वाहन को बाहर निकाला। वाहन से एक पुरुष और महिला सहित दो बच्चियों की लाश मिली है। जबकि एक बच्ची के लापता होने की जानकारी चर्चे में है। सभी राजनांदगांव के एक ढाबे से खाना खाकर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। चारों मृतकों की पहचान कर ली गई है इस हादसे में फिलहाल चार लोगों के मौत की पुष्टि लाश मिलने के आधार पर हो गई है। मृतकों में ललित कुमार साहू पिता हरिचंद साहू ( 35 वर्ष ) निवासी बोरसी दुर्ग सहित ग्राम सकरौद गुंडरदेही की रहने वाली तामेश्वरी देशमुख पति गिरीश देशमुख और उसकी दो बेटियां यश लक्ष्मी ( 13 वर्ष ) व कुमुद देशमुख ( 7 वर्ष ) है। जबकि तामेश्वरी देशमुख की एक



और बेटी गरिमा देशमुख ( 11 वर्ष ) का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। बीते रात साढ़े 12 बजे के आसपास एक वाहन के शिवनाथ नदी पर बने छोटे पूल से गिरने की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को मिली। रात में बारिश होने की वजह से आज सुबह सर्चिंग आपरेशन चलाकर बोलेरो पिक अप वाहन सीजी 07 सी एन 0860 को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। जानकारी मिलने पर बोरसी निवासी हरिचंद साहू ने मौके पर आकर वाहन में मिले युवक की पहचान अपने पुत्र ललित कुमार साहू के रूप में कर दिया। लेकिन महिला और दो बच्चियों के लाश की शिनाख्त करने में हरिचंद साहू के द्वारा अनभिज्ञता जताने से पुलिस उलझन में पड़ गई। लेकिन पुलिस ने जब मृतका महिला की फोटो ललित कुमार साहू की पत्नी को दिखाया तो उसने महिला की पहचान गुंडरदेही के नजदीक ग्राम सकरौद की तामेश्वरी देशमुख के रूप में कर दी। पुलिस ने सकरौद से तामेश्वरी के पति गिरीश देशमुख को सामने लाया तो उसने वाहन में मिली महिला व दोनों बच्चियों की लाश को अपनी पत्नी और बेटियों के रूप में कर दी। गिरीश देशमुख ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी तामेश्वरी देशमुख अपनी तीनों बेटियों यश लक्ष्मी, गरिमा और कुमुद को लेकर मंगलवार दोपहर घूमने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन गरिमा का फिलहाल कोई पता नहीं चल पाया है।

### सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

# संसद के विशेष सत्र में 9 मुद्दों पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली,6 सितंबर।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 18-22 सितंबर को होने वाले विशेष संसद सत्र का एजेंडा मांगा। उन्होंने नौ मुद्दे भी सूचीबद्ध किए और प्रधानमंत्री से आगामी सत्र में उन पर चर्चा के लिए समय देने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता ने कहा, आपने 18 सितंबर, 2023 से शुरू होने वाले संसद का विशेष पांच दिवसीय सत्र बुलाया है। मुझे यह बताना होगा कि यह विशेष सत्र अन्य राजनीतिक दलों के परामर्श के बिना बुलाया गया है। हममें से किसी को भी इसके एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। चर्चा के लिए उठाए जाने वाले नौ मुद्दों को सूचीबद्ध करते हुए, सोनिया गांधी ने कहा, ÷मुझे पूरी उम्मीद है कि इन मुद्दों पर चर्चा और बहस के लिए उचित नियमों के तहत समय आवंटित किया जाएगा।



#### सोनिया गांधी द्वारा सूचीबद्ध मुद्दे

1. आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, बढ़ती बेरोजगारी, असमानताओं में वृद्धि और एमएसएमई के संकट पर ध्यान देने के साथ वर्तमान आर्थिक स्थिति।
2. एमएसपी और उनके द्वारा उठाई गई अन्य मांगों के संबंध में भारत सरकार द्वारा किसानों और किसान संगठनों से की गई प्रतिबद्धता।
3. तमाम खुलासों के मद्देनजर अडानी बिजनेस ग्रुप के लेनदेन की जांच के लिए जेपीसी की मांग।
4. मणिपुर के लोगों की निरंतर पीड़ा और राज्य में संवैधानिक तंत्र और सामाजिक सद्भाव का टूटना।
5. हरियाणा जैसे विभिन्न राज्यों में सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि।
6. चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर लगातार कब्ज़ा और लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में हमारी सीमाओं पर हमारी संप्रभुता को चुनौती।
7. जाति जनगणना की तत्काल आवश्यकता।
8. केंद्र-राज्य संबंधों को पहुंचाया जा रहा नुकसान।
9. कुछ राज्यों में अत्यधिक बाढ़ और कुछ में सूखे के कारण प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव।

सोनिया गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि विशेष सत्र अन्य राजनीतिक दलों के साथ किसी परामर्श के बिना बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने कहा कि सत्र हमें सार्वजनिक चिंता और महत्व के मामलों को उठाने का अवसर देगा। पत्र में कहा गया है, मुझे पूरी उम्मीद है कि रचनात्मक सहयोग की भावना से इन मुद्दों को आगामी विशेष सत्र में उठाया जाएगा।

# यह लोकतंत्र चलाने का तरीका नहीं: खड़गे

**नई दिल्ली,6 सितंबर।** इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने मंगलवार को मांग की कि सरकार 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र के एजेंडे में पारदर्शिता बनाए रखे और देश को अंधेरे में न रखे। साथ ही उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को जल्द पारित करने का भी आह्वान किया। सूत्रों ने कहा कि पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी आगामी सत्र के दौरान लोकसभा में विधेयक को शीघ्र पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगी क्योंकि यह विधेयक राज्यसभा में पहले ही पारित हो चुका है। एक बैठक में विपक्षी दलों ने आगामी सत्र में एक साथ चलने और अडानी मुद्दे को भी उठाने का फैसला किया। उन्होंने भारत पार्टियों की पहली संयुक्त सार्वजनिक रैली मध्य प्रदेश में और अगली बैठक भोपाल में आयोजित करने का भी निर्णय लिया।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि बैठक में सभी की राय थी कि ये विशेष सत्र क्यों बुलाया जा रहा है? सरकार की तरफ से कोई भी स्पष्टीकरण आज तक नहीं आया है। लगभग 12-13 दिन बाद संसद का एक विशेष सत्र होने वाला है और देश को नहीं पता कि इस विशेष सत्र की विशेषता क्या है? तो हमारी मांग ये है कि बीजेपी पारदर्शिता दिखाए और देश को अवगत कराए कि इस विशेष सत्र का विशेष एजेंडा क्या है? दिल्ली में इंडिया अलायंस के फ्लोर लीडर्स की बैठक के बाद डीएमके सांसद टीआर बालू और तिरुचि शिवा ने कहा कि हमने इस मामले पर चर्चा की है।

# हिन्दू-मुस्लिम विवाद के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार : सिद्दीकी

**रायपुर,6 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने हिन्दू-मुस्लिम विवाद के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक हिन्दू-मुस्लिम को लड़ाया. कांग्रेस हिन्दू-मुस्लिम कार्ड खेलकर लोगों को भड़काने की कोशिश करती है.



इसके साथ ही बिरनपुर हिंसा का हवाला देते हुए कहा कि सरकार फेल रही है.बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता में मोर्चा की भावी रणनीतियों का खुलासा करते हुए बताया कि राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आंदोलन की तैयारी में है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पोस्टर पर राजनीति कर रही है. छत्तीसगढ़ में पोस्टरवार के जरिए सरकार सद्भावना खराब कर रही है. इस पोस्टर को जनता के बीच ले जाकर पोस्टर फाड़ने का संकल्प लेंगे. उन्होंने कहा कि रमन सरकार ने छत्तीसगढ़ को सम्मान के मुकाम तक पहुंचाया. 5 साल में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को चौपट करने के काम किया. जो काम नहीं किया, उसका श्रेय लेने का काम करते हैं. केंद्र की योजनाओं का नाम बदलकर श्रेय लेने का प्रयास किया. आयुष्मान योजना का नाम बदलकर खूबचन्द बघेल योजना बना दी. केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाई सस्ती मिले, इसके लिए जनऔषधि योजना लाई, अब उसे कांग्रेस धन्वंतरि के नाम से चला रही है.जमाल सिद्दीकी ने कहा कि आज इस विषय पर चिंतन करेंगे. अल्पसंख्यक समाज पूरी ताकत के साथ राज्य सरकार के खिलाफ योजना बनाएंगे. छत्तीसगढ़ पिछड़ता जा रहा है, इसलिए आज हम यहां एकत्रित हुए हैं. मोदी जी ने अल्पसंख्यक समाज को गले लगाकर बदलने का प्रयास किया है, उन्हें विधानसभा में भेज कर उम्मीदवार भी बनाने का प्रयास किया. ऐसे भाई जो गैर राजनीतिक हैं, उन्हें पीएम मोदी से जोड़ने का काम करेंगे.

# पीएम मोदी जब-जब आते हैं झूठ बोलकर जाते हैं : बैज

**रायपुर,6 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे. इस दौरान पीएम मोदी रायगढ़ जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और आम सभा भी करेंगे. पीएम मोदी के दौरे को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब-जब छत्तसीगढ़ आते हैं झूठ बोलकर जाते हैं.



इसके साथ ही दीपक बैज ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर बयान दिया है. प्रधानमंत्री के दौरे लेकर दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता चाहिए हैं. उनको छत्तीसगढ़ की जनता की चिंता नहीं है. सत्ता की लालच में छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. जनता जानती हैं कांग्रेस की सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में बेहतर काम किये हैं. कितनी भी कोशिश कर ले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ही आएगी. प्रधानमंत्री जब-जब छत्तसीगढ़ आते हैं झूठ बोलकर जाते हैं. भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि बीजेपी जनता के पास जाने का बहाना खोज रही हैं, किस बात का परिवर्तन और किस बात की यात्रा? बीजेपी सत्ता हासिल करने हर हथकंडा अपना रही है. क्या बीजेपी इस बात से सहमत हैं कि किसानों को 2600 रुपये न मिले. बीजेपी चाहती है क्या कि किसानों का कर्ज माफ न हो? युवाओं को 2500 रुपये न मिले? बीजेपी को खुद को परिवर्तन करने की आवश्यकता हैं. आपस में मतभेद है इसलिए परिवर्तन की बात कर रहे हैं.

# हिम्मत है तो भाजपा अल्पसंख्यक को दे टिकट : कवासी लखमा

**रायपुर,6 सितंबर■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की आज होने वाली बैठक टल गई है. अब त्न20 सम्मेलन के बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी. हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है. बैठक टलने से भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची आने की संभावनाएं कम है. भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची 15 सितंबर के बाद आ सकती है. वहीं बीजेपी की दूसरी सूची में हो रही देरी को लेकर मंत्री कवासी लखमा ने तंज कसा है और बीजेपी के अल्पसंख्यक सम्मेलन को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने एक भी अल्पसंख्यक को टिकट दिया क्या ? अगर हिम्मत है तो अल्पसंख्यक को टिकट भी दें. मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा की दूसरी सूची में विलंब पर कहा कि भाजपा ने पहले दौड़ने की कोशिश की. जहां भी टिकट दिया वहां बहुत विरोध हो रहा है. 21 में एक भी प्रत्याशी जीतने लायक नहीं दिख रहे हैं. दूसरी लिस्ट जारी करने के लिए बीजेपी डर गई है. बीजेपी की परिवर्तन यात्रा पर मंत्री लखमा ने कहा कि ये उनकी पार्टी का अंदरूनी मामला है. यात्रा तो हमारे नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली थी. यात्रा का मकसद नफरत छोड़ो था. राहुल गांधी के इस यात्रा का फायदा होगा, इससे देश में परिवर्तन होगा.



भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक सम्मेलन पर मंत्री कावासी लखमा ने कहा कि उनका अधिकार है उनकी पार्टी है. छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के सामने ढोंगबाजी काम नहीं आएगी. ÷अल्पसंख्यक वर्ग कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के साथ हैं÷ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अल्पसंख्यक कांग्रेस के साथ है. 90 विधानसभा में से एक भी अल्पसंख्यक को ये टिकट दिए हैं क्या ? मंत्री लखमा ने चैलेंज देते हुए कहा कि मैं इनसे मांग करता हूं, अगर इनमें इतना ही हिम्मत है तो अल्पसंख्यक रैली कर रहे है तो टिकट भी दे. खाली झूठ बोलने का नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं.

# जी-20 के लिए हमारा मोटो एक पृथ्वी एक परिवार, एक भविष्य : मोदी

**नई दिल्ली,6 सितंबर।** देश की राजधानी दिल्ली में जी20 देशों की बैठक को गिनती के दिन शेष हैं। विभिन्न देशों से मेहमानों का आगमन भी शुरू हो चुका है। मेजबान भारत उनके स्वागत में लगा हुआ है। जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए विश्व नेताओं के नई दिल्ली पहुंचने से पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निजी मीडिया समूह को भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से ग्रस्त विश्व में भारत की भूमिका, विश्वसनीय वैश्विक संस्थानों की आवश्यकता और वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेदार नीतियों से होने वाले खतरों के बारे में अपने दृष्टिकोण को साझा किया।



पीएम मोदी ने कहा कि यदि आप जी20 के लिए हमारा आदर्श वाक्य देखें, तो यह वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। यह जी20 प्रेसीडेंसी के प्रति हमारे दृष्टिकोण को उपयुक्त रूप से दर्शाता है। हमारे लिए पूरा ग्रह एक परिवार की तरह है। किसी भी परिवार में प्रत्येक सदस्य का भविष्य हर दूसरे सदस्य के भविष्य से गहराई से जुड़ा होता है। इसलिए, जब हम एक साथ काम करते हैं, तो हम एक साथ प्रगति करते हैं, किसी को पीछे नहीं छोड़ते। इसके अलावा, यह सर्वविदित है कि हमने पिछले 9 वर्षों में अपने देश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण का पालन किया है। इसने देश को प्रगति के लिए एक साथ लाने और अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचाने में बहुत बड़ा लाभ दिया है। आज इस मॉडल की सफलता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है।वैश्विक संबंधों में भी यही हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत है। सबका साथ - हम सभी को प्रभावित करने वाली सामूहिक चुनौतियों का सामना करने के लिए दुनिया को एक साथ लाना। सबका विकास - मानव-केंद्रित विकास को हर देश और हर क्षेत्र तक ले जाना। सबका विश्वास - प्रत्येक हितधारक की आकांक्षाओं की पहचान और उनकी आवाज़ के प्रतिनिधित्व के माध्यम से उनका विश्वास जीतना। सबका प्रयास - वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने में प्रत्येक देश की अद्वितीय शक्ति और कौशल का उपयोग करना।

# नए संसद भवन में होगा संसद का विशेष सत्र

**नई दिल्ली,6 सितंबर।** सरकार की ओर से संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर के बीच बुलाया गया है। जानकारी के मुताबिक के संसद का विशेष सत्र में संसद भवन में होगा। नए संसद भवन का उद्घाटन मई महीने में ही हुआ था। हालांकि मानसून सत्र का आयोजन पुराने संसद भवन में ही किया गया था। इसके बाद लगातार इस बात के संकेत मिल रहे थे कि शीतकालीन सत्र में संसद भवन में आयोजित हो सकते हैं। हालांकि सरकार ने 1 सितंबर को इस बात की जानकारी दी कि 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसको लेकर फिलहाल राजनीति भी जारी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 17वीं लोकसभा का यह 13वां सत्र होगा जबकि राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। सबसे खास बात यह है कि यह सत्र राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर बैठक के कुछ दिनों के बाद आयोजित होने जा रहा है। विशेष सत्र को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। अगर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के पोस्ट को देखें तो उन्होंने जो तस्वीर साझा की है। उससे एक इशारा अवश्य मिल रहा था कि संसद का विशेष सत्र नई बिल्डिंग में हो सकता है। ऐसे में दावा किया जा रहा था कि शुभ मुहूर्त देखकर ही यह विशेष सत्र बुलाया गया होगा। यह वह वक्त होगा जब पूरे देश में गणेश चतुर्दशी का वक्त रहेगा।





# मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा अपने बेटों के साथ पहुंचे ईडी दफ्तर

**रायपुर,6सितंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा बुधवार को अपने दोनों बेटों के साथ रायपुर स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे हैं. वर्मा ने बताया कि ईडी ने दोनों बच्चों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कल मेरी धर्मपत्नी को भी बुलाया गया है. कल उन्हें लेकर आउंगा. बता दें कि ईडी ने मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और सीएम के दो ओएसडी के ठिकानों पर 23 अगस्त को छापा मारा था. इसके बाद 28 अगस्त को विनोद वर्मा को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया गया था, अब ईडी ने उनके बेटे और पत्नी को तलब किया है. बेटों को लेकर ईडी वर्मा ने कहा कि बच्चों को जिस तरह स्कूल छोड़ने जाता था, वैसे ही आज बच्चों को ईडी दफ्तर छोड़ने आया हूं. पूछताछ में हम पूरा सहयोग कर रहे हैं. बस जांच निष्पक्ष होनी चाहिए.

एक नजर



## सेक्टर-4 की जल प्रदाय टंकी गिरी, प्रबंधन ने तत्काल कार्रवाई का लिया निर्णय

**भिलाई, 6 सितम्बर।** इस्पात नगरी भिलाई के सेक्टर-4 स्थित जल आपूर्ति करने वाले दो टैंक अचानक गिर गये। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। लगभग 50 से 52 वर्ष पुरानी दोनों टैंकों में प्रत्येक की क्षमता 1818 किलो लीटर थी। इस दुर्घटना के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की तत्काल एक बैठक इस्पात भवन में बुलाई गई। इस बैठक में इसकी जांच के लिए विभागीय स्तर पर एक कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया है। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वस्त हुई टंकियों से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए तत्काल कदम उठाते हुए मुख्य जल आपूर्ति लाइन से जोड़ दिया जाएगा जिससे जल आपूर्ति सामान्य हो सकें। प्रबंधन ने इसके लिए प्रयास प्रारम्भ कर दिये है और इसे शीघ्रता से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों में वाटर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति को सुगम बनाया जायेगा। साथ ही प्रबंधन ने यह भी निर्णय लिया है कि इस्पात नगरी की सभी पानी टंकियों की जांच करायी जाएगी और आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत को प्राथमिकता के अनुसार किया जाएगा।

## वैशालीनगर कॉलेज में 6 दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**भिलाई, 6 सितम्बर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में 6 दिवसीय कार्यशाला ग्रेटेस्ट वेल्थ इज हेल्थ का आयोजन हुआ। शुभारंभ विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मेरिली रॉय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्र देश का भविष्य होते हैं इसलिए उनका स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए जिससे वे अपना कार्य निपुणता से कर सके। कार्यक्रम के प्रथम दिवस हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर यूथ पीस फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिवस महाविद्यालय की ही छात्रा सुश्री रुचि उमाठे द्वारा योग फॉर मेमोरी एंड एंजाइटी विषय पर भाषण दिया गया। तीसरे एवं चौथे दिन दीपक दास द्वारा यूजेस ऑफ बॉडी पैंटिंग तथा बेसिक्स ऑफ एक्यूप्रेशर पर विस्तार से चर्चा की गई। पांचवे दिन डॉ बाला ने हेल्थी डेंटल स्माइल्स विषय पर प्रकाश डाला। छठे एवं आखिरी दिन डाइट एंड ह्यूमन हेल्थ विषय पर असीम सहगल ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार अच्छा स्वास्थ्य मनुष्य के लिए ईश्वर का वरदान है इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीमती रविंदर छाबड़ा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती जयश्री रेड्डी द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## माताओं ने बच्चो की दीर्घायु के लिए विधि विधान से हलषष्ठी पूजा की



**कवर्धा, 6 सितंबर।** प्रोफेसर कालोनी में पंडित हरि प्रसाद शुक्ला के निवास पर कवर्धा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती आशा श्याम तंबोली , सरोज तंबोली , श्रीमती श्रीवास्तव , श्रीमती शुक्ला , श्रीमती तिवारी , श्रीमती दुबे , हिना , हनी , रश्मि , दिव्या, शिल्पा , नेहा सहित माताओं ने संतान की दीर्घायु के लिए विधि विधान से हलषष्ठी पूजा की । कवर्धा नगर के प्रत्येक वार्डो में महिलाए पूजा करती दिखी ।

कवर्धा , पोड़ी , बोडला , पांडातराई , पंडरिया , सहसपुर लोहारा , मानिकपुर , नेऊरगांव खुर्द सहित सभी गांवों में महिलाओ ने संतानों की दीर्घायु के लिए विधि विधान से हलषष्ठी पूजा की ।

## इन दिनों बंद रहेगी निगम क्षेत्र में मांस बिक्री

**भिलाई, 6 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश प्रसारित कर इस माह के त्यौहार कृष्ण जन्माष्टमी 7 सितम्बर, पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस 12 सितम्बर, गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर, पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस 20 सितम्बर, डोल ग्यारस 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी 28 सितम्बर, पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी व उत्तम क्षमा 30 सितम्बर एवं गांधी जयंती 02 अक्टूबर को पशुवध तथा मांस बिक्री केन्द्रो में प्रतिबंध लगाया है। इन सभी त्योहार के दौरान तिथि में सम्पूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र में मांस मटन बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारी तेज कर दी है. आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा तथा जिला महामंत्री संतोष पटेल ने आरोप पत्र भी जारी किया. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सन 2000 में भारतीय जनता पार्टी के नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने यहाँ के क्षेत्रवासियों की भावनाओं को समझा और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा संसद में की और छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाजपा पर 15 साल तक विश्वास दिखाया। यह 15 साल छत्तीसगढ़ के लिए विकास का स्वर्णिम काल था जिससे एक नए बने राज्य में अनेको चुनौतियों के बीच, जब छत्तीसगढ़ की छवि बीमारू राज्य और एक पलायन करने वाले राज्य की बनी हुई थी, तब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिन-रात समर्पित कर छत्तीसगढ़ के लिए सुदृढ़ विकास और अंत्योदय पर आधारित सर्वांगीण हितेषी नीतियां निर्मित की। 1 रुपये किलो चावल की योजना से लेकर सड़कों का जाल बिछाने और शिक्षा के प्रसार से लेकर स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने तक भाजपा की सरकार ने डेढ़ दशक छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की है। फिर 2018 में कांग्रेस ने झूठे वादों, फरेब और प्रलोभन से रचित एक घोषणा पत्र तैयार किया और गीता और गंगाजल की कसम खाकर छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को ठग कर उनसे वोट हासिल किए। आज इस दुर्घटना को 5 साल पूरे होने आए हैं और छत्तीसगढ़ की जनता उस छल को भूली नहीं है, किस प्रकार कांग्रेस के नेताओं ने महिलाओं को शराबबंदी के नाम पर, युवाओं को नौकरी और बेटोजगारी भत्ते के नाम पर, बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को पेंशन के नाम पर, किसानों को बोनस के नाम पर, आदिवासियों को लुभावने वादों के नाम पर और पूरे प्रदेश को यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम और विकास जैसे झूठे दावों के नाम पर धोखा दिया है। आज 5 साल बाद कांग्रेस की यह स्थिति है कि ना तो यह अपना पुराना घोषणा पत्र जनता को दिखा सकती है और ना ही नया घोषणा पत्र बनाने के लिए जनता के बीच जा सकती है। पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़वासियों के लिए भले ही कुछ नहीं किया लेकिन प्रदेश के भ्रष्टाचारियों और कमीशनखोरों के लिए सुनहरे दरवाजे जरूर खोल दिए हैं। 15 वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ की पहचान एक विकास आधारित राज्य के रूप में बनाई थी लेकिन 5 सालों में कांग्रेस की सरकार ने विकसित हो रहे छत्तीसगढ़ की छवि श्वष्ठ और ष्ठष्ठ वाले प्रदेश की निर्मित कर दी है।सांसद पांडे ने आगे कांग्रेस पर घोटालों की सरकार चलाने का आरोप लगाते कहा कि पिछले 5 सालों में कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीडीएस घोटाला, गौठान घोटाला, यहां तक कि महादेव एप के जुआ सट्टा में भी सरकार की भागीदारी और भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ चुका है. आज छत्तीसगढ़ की स्थिति यह हो चुकी है कि 5 साल में छत्तीसगढ़ के लिए भ्रष्टाचार का अड्डा नशे का कारीडोर और अपराधियों के लिए संरक्षित स्थान जैसे शब्द उपयोग किए जाते हैं. । सांसद पांडे ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन के बयान पर उन्हें आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमारा देश सदैव सनातन परंपरा का वाहक रहा है. आज कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लगातार हमारी परपराओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं. जनता सब देख रही है और इनको माफ नही करेगी ।




## स्ट्रीट वेंडर्स को महापौर ने दिया विक्रय प्रमाण- पत्र

**भिलाई, 6 सितम्बर।** नेहरू नगर चौक स्थित स्ट्रीट वेंडर्स को विक्रय प्रमाण पत्र महापौर नीरज पाल द्वारा हितग्राहियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र से उन्हें व्यापार में कई तरह के लाभ होंगे। राष्ट्रीय आजीविका मिशन अन्तर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित कर सम्मान पूर्वक व्यवसाय करने स्थान दिया जा रहा है। वेंडिंग जोन में आवंटित गुमटी का विक्रय प्रमाण मिलने से व्यवसायियों ने महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार जताया। राष्ट्रीय शही आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में जितने भी स्ट्रीट वेंडर है उन्हें चिन्हांकित कर पहचान पत्र जारी किया गया है, इसके अंतर्गत इन्हें व्यवयास को बढ़ावा देने लोन भी प्रदान किया जाता है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने का कार्य लगातार जारी है। भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाने स्थल चयनित कर गुमटियां स्थापित की गई है ताकि व्यवसाय व्यवस्थित हो और शहर सुंदर दिखे। वर्तमान में नेहरू नगर चौक एवं पावर हाउस ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन की शुरुआत की जा चुकी है, विजय कॉम्प्लेक्स एवं वैशालीनगर गौरवपथ किनारे बनाया गया वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन कर इसे भी जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। वेंडिंग जोन के हितग्राहियों को प्रदान किये गये अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने वेंडरों को जानकारी देते हुए बताया कि विक्रय प्रमाण पत्र उनके व्यवसाय हेतु है किसी भी प्रकार से भूमि या गुमटी का स्वामित्व नहीं है। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी,मिशन मैनेजर एकता शर्मा और अमन पाटले, परियोजना सहायक एस. एस रिजवी सहित आजीविका

## अकबर देंगे आज जिलेवासियों को हाई मास्ट सोलर लाइट की सौगात:कन्हैया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6सितंबर।** कबीरधाम जिलान्तर्गत नगर पालिका, नगरपंचायत व ग्रामीण अंचल के चौक-चौराहे 9 मीटर की हाइट पर 1200 वाट्स की सोलर से रोशन होंगे। जिले में 215 सोलर लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई हैं जिसका भूमिपूजन केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर और क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल के हांथो होगा । क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि हमारे प्रिय विधायक व मंत्री के विशेष प्रयास से जिले में कवर्धा नगरपालिका सहित जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामो के लिए हाई मास्ट सोलर लाइट स्वीकृति प्रदान की गई । उन्होंने बताया कि उनके कार्यभार ग्रहण और मो अकबर के मार्गदर्शन के चलते छत्तीसगढ़ क्रेडा को भारत सरकार द्वारा अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया है । उन्होंने बताया कि उनके कार्यभार ग्रहण और मो अकबर के मार्गदर्शन के चलते छत्तीसगढ़ क्रेडा को भारत सरकार द्वारा अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया है । दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रथम पुरस्कार भी विगत दिनों प्रदान किया गया है ।विदित हो कि 3 वर्ष पूर्व कवर्धा के विकासपुरुष मो अकबर की अनुसंसा से कन्हैया अग्रवाल को क्रेडा का सदस्य बनाया गया था । आज उनके आशीर्वाद के चलते जिले के अनेक गांव के चौक चौराहे रोशन हो रहे है। किसान हित में भी सौर सुजला योजना के जरिये सिंचाई का लाभ भी जिले के किसानों को अधिक से अधिक दिया जा रहा है । क्रेडा के चेयरमैन मिथलेश स्वर्णकार ने 215 हाई मास्ट लाइट की स्वीकृत की है जिसके तहत नगरपालिका कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत अनेक चौक चौराहो के लिए 16 नग सोलर लाइट ,नगरपंचायत बोड़ला में 5 नग , सहसपुर लोहारा के लिए 5 नग , कन्हैया अग्रवाल के गृह ग्राम पिपरिया अंतर्गत 7 नग , बोड़ला विकास खंड के अनेक गाव के लिए 44 नग कवर्धा जनपद क्षेत्र के 69 गावो में 69 नग की स्वकृति दी गई है इसी तरह लोहारा विकासखंड के 29 गाँव में 29 नग , विकासखंड पंडरिया व कुंडा क्षेत्र के लिए 40 नग इस तरह कुल 215 नग की स्वीकृति मिली है ।उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिले की जनता ने मंत्री अकबर को 60 हज़ार से जीता कर जो इतिहास रचा था उसी का परिणाम है कि आज इतनी संख्या में विकास कार्यो की बाढ़ आई है गांव गांव रोशन हो रहे है । आज शाम क्रेडा कार्यालय में मोहम्मद अकबर व कन्हैया अग्रवाल द्वारा विकास कार्यो व हाइ मास्ट लाइट के कार्यो का भूमिपूजन किया जावेगा ।

# ओम शिव शक्ति विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**भिलाई, 6 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर ओम शिव शक्ति विद्यालय नंदिनी रोड सुभाष नगर खुर्सीपार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता जाने-माने उद्योगपति एवं समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल ने की। शाला संचालन समिति के अध्यक्ष रमाकांत मालवीय एवं स्कूल संचालक एस. के. मालवीय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शिवनाथ शुक्ल ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य की भारतीय परम्परा का दृष्टान्त देते हुए कहा कि ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा से लेकर साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में भारत आज भी दुनिया का सिरमौर बना हुआ है तो उसके पीछे हमारा त्याग, संयम, अहिंसा, शांति और सत्य की शक्ति है। श्री शुक्ल ने शिक्षा के क्षेत्र में गुरुजनों के योगदान को प्रणाम करते हुए छात्र-छात्रों से पूरे मानयोग से शैक्षिक, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में लगे रहने एवं देश-परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने गुरु-शिष्य के संबंध एवं उसके संस्कारों को बरकरार रखने के लिए शिक्षा का अलख जगाये रखने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ उद्योगपति एवं विख्यात समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल ने शिक्षकों को एक ऐसे दीपक की संज्ञा दी जो स्वयं जलकर समाज को प्रकाशमान रखता है। उन्होंने ओम शिव शक्ति विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ के छात्र देश-दुनिया में अपना रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ हुयी। अतिथियों के स्वागत सम्मान के पश्चात् ओम शिव शक्ति विद्यालय नंदिनी रोड सुभाष नगर की प्राचार्या श्रीमती रमा मालवीय ने स्वागत उद्बोधन दिया। विद्यालय के संचालक एस के मालवीय ने विद्यालय की प्रगति के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं सर्वश्री सरवर खान, रामपाल साहू, निशा लहरे, सरस्वती मिश्रा, विनीता यादव, मधु पटेल, रजनी खोब्रागढ़े, ऋतु कुमारी, खुशी अग्रहरि, दिव्या एवं नरगिस सहित कर्मचारी गणेशिया यादव एवं पूर्णिमा जांगड़े का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। शाला के छात्र-छात्रों सुरेंद्र नायक, वैष्णवी नायक, कोमल कटारे, हिमानी खरे, सलोनी, निखिल यादव, आंचल सेन, कृषिता कटरे, गुंजन गोस्वामी, प्राची, आलिया, आरती, अंशु, पूजा, अंकिता, सुहानी, ज्योति,पायल, सेजल एवं आदि ने नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इन बच्चों को पुरस्कार स्वरूप नोटबुक एवं कलम प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष मेश्राम एवं आभार प्रदर्शन मालवीय जी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता हेमराज मेश्राम, पांडेय जी, सृष्टि मालवीय एवं सेजल मालवीय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पालक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेक्टर-4 के प्रत्येक घर में पहुंचाया जा रहा टैंकर से पानी



**भिलाई, 6 सितम्बर।** सेक्टर 04 में अचानक पानी टंकी के ढह जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। हलषष्ठी का पर्व होने की वजह से व्रती माताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए भिलाई निगम का अमला सेक्टर 04 के हर घर तक पेयजल की आपूर्ति में जुटा रहा। भिलाई निगम व बीएसपी के 41 पानी टेंकर से सेक्टर 04 के सभी सड़को पर फेरा लगा कर पेयजल की पूर्ति करते रहे ताकि हलषष्ठी पर्व में पेयजल के कारण बाधा न पहुंचे। गौरतलब है कि सेक्टर 04 में बड़ी पानी की टंकी आज सुबह आज अचानक ढह गया, जिसके कारण सेक्टर 04 के घरो में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया था। पेयजल समस्या से निपटने भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव की उपस्थिति में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास जल कार्य के अधीक्षण यंत्री संजय शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, जोन 05 के जोन आयुक्त मौके पर पहुंचे और ढह गये पानी टंकी के बिखरे हुए मलबे को हटाने का काम करवाते हुए आस पास सफाई कराया गया और साथ ही निगम भिलाई के जलविभाग के अधिकारियों को सेक्टर 04 के घरो मे टेंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराने 26 टेंकर रवाना किया गया। वहीं बीएसपी प्रबंधन की ओर से 15 टेंकर की व्यवस्था कराई गई है।

7 नए बोर खनन शुरू–पानी टंकी ढह जाने के कारण सेक्टर 04 के निवासियों को पेयजल की दिक्कत न हो इसे देखते हुए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर 30 पुराने बोर में पावर पंप लगाए जा रहे है, 7 स्थानों पर नया बोर खनन कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है, इसके अलावा क्षेत्र में 2 नग वाटर एटीएम स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इसके साथ ही सेक्टर 04 के मकान एवं दुकानों में निगम द्वारा 20 लीटर का 3500 नग जार भी वितरण भी किया जा रहा है, ताकि नागरिक वाटर एटीएम से आरो जल स्वयं भर सके।

# माँ ने सुधरने को कहा तो बेटे-बहू ने कर दी हत्या



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 6 सितंबर। भिलाई मां ने गुस्से में बेटे से कहा कि यदि वह नहीं सुधरा तो घर व संपत्ति बड़े बेटे के नाम कर देगी। इस बात से नाराज होकर बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मां की हत्या कर दी। जांच के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपित बेटे-बहू को गिरफ्तार कर लिया। मोहन नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को घटना का राजफाश किया दुर्ग सीएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बीते सोमवार को शक्ति नगर दुर्ग निवासी 80 वर्षीय रुखमणी चंद्राकर पति स्व. दशरथ चंद्राकर की लाश उसके घर पर चारपाई के नीचे पाई गई थी। स्थानीय निवासी वर्मा की सूचना पर मोहन नगर थाने की टीम मौके पर पहुंची। मौका मुआयना के दौरान प्रथम दृष्टया यह मान लिया गया कि मृतक की हत्या की गई है। संदेह उसके छोटे पुत्र लखन लाल चंद्राकर पर जताया जा रहा था। दरअसल पड़ोसियों ने अपने बयान में बताया था कि लखन अक्सर अपनी मां से झगड़ा और मारपीट करता था। इसी एंगल पर पुलिस टीम को जांच के लिए लगाया गया। जांच में मोहन नगर टीआई विनय यादव व एसीसीयू प्रभारी संतोष मिश्रा की टीम को शामिल किया गया मृतका की लाश देखने से यह साफ लग रहा था कि मृतका रुखमणी चंद्राकर के चेहरे पर चोट व गले के दोनों तरफ दबाए जाने के कुछ निशान हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर तत्काल लखन लाल चंद्राकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआती बयान में वह पुलिस को गुमराह करता रहा। बाद में वह टूट गया। उसने अपने इकबालिया बयान में पुलिस को बताया कि वह दो भाई हैं। आरोपित लखन के मुताबिक वह कोई काम धाम नहीं करता था, इसलिए भाई व मां से उसकी बनती नहीं थी। इस बात से नाराज मृतका रुखमणी उसे अक्सर यह कहती था कि वह संपत्ति व घर उसके बड़े भाई के नाम कर देगी। इस बात पर वह अक्सर अपनी मां से मारपीट व झगड़ा करता था लखन लाल चंद्राकर को लगा कि मां सच में घर बड़े भाई के नाम कर सकती है, इसलिए उसने संपत्ति हथियाने की नीयत से मां की हत्या की योजना बनाई। हत्या में अपनी पत्नी द्रोपदी को भी शामिल किया तीन सितंबर को दोनों रुखमणी के पास पहुंचे रुखमणी के साथ मारपीट की दोनों ने हाथ से उसका नाक, मुंह, गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित के इकबालिया बयान के आधार पर लखन चंद्राकर (41) तथा उसकी पत्नी रुखमणी (31) के खिलाफ धारा 302 120 बी, 201, 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## रोटी क्लब सामाजिक संस्था ने किया पौधारोपण एवं महत्व भी बताया

**भिलाई।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर रोटी क्लब सामाजिक संस्था भिलाई के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सारवंडी जिला-कांकेर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौठान, और स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधारोपण किया गया।जिसमें रोटी क्लब सामाजिक संस्था कांकेर टीम लीडर योगेश्वर निषाद जी ने बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में बताया और प्रेरित किया कि हमें पौधे लगाना चाहिए जिससे हमारा पृथ्वी नष्ट न हो।और शा.उ.मा.विद्यालय सारवंडी के प्राचार्य एस. आर.साहू जी ने मानव जीवन में पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

## साइंस कॉलेज में विश्व संस्कृत सप्ताह मनाया



**भिलाई, 6 सितम्बर।** दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत के कारण है। वेदों, रामायण, गीता, कालिदास और तुलसीदास के बिना भारत को भारत भी समझने में मुश्किल होती है। विश्व कवि कालिदास और तुलसीदास शब्द और अर्थ को शिव-शक्ति और श्रद्धा-विश्वास के रूप में प्रस्तुत करते हैं। विज्ञान और संस्कृति के इसी समन्वय के प्रभाव से चन्द्रयान स्थल को वर्तमान में शिव-शक्ति स्थल की संज्ञा दी गई है। राम चरित मानस में वाल्मीकि और पवनसुत को विशुद्ध वैज्ञानिक माना गया। उधर गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान के साथ विज्ञान भी समझाने का आश्वासन पूरा किया। वेद तो ज्ञान-विज्ञान और धर्म के मूल हैं हीं। गायत्री मन्त्र द्वारा सूर्य उपासना अनादिकाल से जारी है। इधर इसरो ने आदित्य एल-1 सूर्य की ओर छोड़ दिया है। भारत इसी पृष्ठभूमि पर आज भी विश्वगुरु है। भारत वंशी यू.के. और सिंगापोर में शासन कर ही रहे हैं, अमेरिका में भी प्रत्याशा है।

## महिला से छेड़छा व मारपीट, तीन गिरफ्तार

**भिलाई, 6 सितम्बर।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र चाकू की नोंक महिला से छेड़छाड कर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार व चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 452, 354,506, 34 व 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि जगमीत सिंह उर्फ दीगवा उर्फ अखिल (26वर्ष) निवासी कैम्प-2 अपने साथियों नानू सिंग ( 25वर्ष) निवासी कैम्प-2 व करन सोनवानी उर्फ विक्की (22 वर्ष) निवासी संजय नगर सुपेला के साथ 2 सिंतबर की रात में डस्टर कार में पीड़िता के घर अंदर घुसे पीड़िता को चाकू दिखाकर छेड़छाड़ कर मारपीट करने के बाद वहां से भाग गए। पीड़िता की रिपोर्ट पर भट्ठी पुलिस तीनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया

## युवक 11 बोतल शराब के साथ पकड़ाया



**भिलाई, 6 सितम्बर।** भिलाई गदा चौक के पास सुपेला पुलिस ने एक युवक को पकड़ा। उसके कब्जे से 11 बोतल गोवा अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 32(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति गदा चौक सुपेला में पीपल झाड के नीचे अपमे पास भैरी मात्रा में झोले में शराब लेकर कही जाने के लिए खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची युवक को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम के.रामाराव( 53वर्ष ) निवासी मूलत- पलाशा जिला श्रीकाकुलम(आंध्रप्रदेश) हाल निवासी केम्प-1 बताया। आरोपी के पास से सफेद थैले में 11 बोतल गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब मिला जब्त शराब की कीमत 4400 रुपए आंकी गई है

## एक नजर

### राधा-कृष्ण मंदिर समता कालोनी में धूमधाम से मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर, 6 सितंबर।** राधाकृष्ण मंदिर समता कोलनी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं सुसज्जित मंदिर परिसर में सात सितंबर को जन्माष्टमी उत्सव का शुभारंभ प्रातः 9:00 दुग्ध अभिषेक से होगा मंदिर के प्रचार-प्रसार प्रभारी सत्येन्द्र अग्रवाल के अनुसार इस धार्मिक पर्व को यादगार बनाने के लिए इस वर्ष विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कोलकाता के हुनरमंद कारीगरों द्वारा प्रतिमा एवं संपूर्ण मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं सचिव रमाशंकर पांडे ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर सुबह 9:00 बजे से 101 किलो दूध से भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक किया जाएगा वहीं दोपहर 12:00 बजे से श्रृंगार भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा उपाध्यक्ष शिव सिंघानिया ने बताया कि सायं 4:00 बजे से कृष्णजी का झांकी दर्शन प्रारंभ हो जाएगा। अर्ध रात्रि में भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा महाआरती में भक्तजन शामिल होकर पूजन आरती एवं प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे महिला मंडल के अनुसार दूसरे दिन शुक्रवार आठ सितंबर को दोपहर एक बजे से रानी सती दादी जी का मंगल पाठ प्रारंभ होगा जो शाम तक अनवरत चलेगा तक तदुप्रांत प्रसादी वितरण भंडारा का आयोजन किया गया है।

### हल भी महल में ही है:भवानी बहादुर

**डोंगरगढ़/खैरागढ़ 6 सितंबर।** प्रदेश व कांग्रेस के बड़े नेता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के खैरागढ़ रेस्ट हाउस में दिए के उस बयान का कि हल और महल और सामंतवाद की लड़ाई के संबन्ध में पूछे जाने पर दिवंगत राजा शिवेंद्र बहादुर के सुपुत्र भवानी बहादुर ने बताया कि भारत में 1947 देश आजादी के बाद खैरागढ़ वह रियासत है जो निशर्त शासन प्रशासन में विलोपित हुआ व 1952 में अपना महल सरकार को दान दे इंदिरा विश्व विघालय की स्थापना में योगदान दिया और ना जाने खैरागढ़,गंडई,छुईखदान के ब्लाको में जनता को खेती के लिए जमीन दान दे कर सामंतवाद परम्परा को खत्म कर जनहित में कार्य किया है फिर महल और हल के बयान का क्या अर्थ निकाला जाए। खैर राजनीति में सब जायज है, लेकिन कोई बात नहीं हमारे खून में कांग्रेस शामिल है तो हम कांग्रेस के लिए ही काम करेंगे। मैंने राजपरिवार (महल) से कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन किया है परंतु जिले के बड़े कांग्रेसी नेता के द्वारा हल और महल की लड़ाई पर वो किनसे तुलना कर रहे है जबकि हल भी महल में ही है जिसने बयान दिया है वो ही बता पाएंगे कि बयान किसके उपर था।



### मोर मकान मोर चिन्हारी के आवासों का सर्वे

**राजनांदगांव 6 सितम्बर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत लखोली मे निर्मित आवासों का उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में डाबरी पारा, इंदिरा सरोवर, पुरान गंज चौक आदि क्षेत्रों में अस्थाई पट्टे पर बरसो से झुग्गी बस्ती में निवारत परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत लखोली में निर्मित अच्छे सर्व एवं सुविधायुक्त पक्के आवासों में 140 पात्र हितग्राहियों को व्यवस्थापन के तहत विधिवत लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है तथा वर्तमान में मोर मकान मोर आस के तहत बरसो से किरायेदार के रूप में निवारत परिवारों को मात्र लागत मूल्य पर विधिवत प्रक्रिया कर पात्र हितग्राहियों को आवास प्रदान किये जा रहे है, जिनका आदेशानुसार सर्वे किया जा रहा है।



### निधन

### बबलू सेन

**राजनांदगांव।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम रानीतरई निवासी और कांग्रेस पार्टी प्रदेश संयोजक आई टी सेल पूर्व ब्लाक कोषाध्यक्ष बबलू सेन निधन शोक सभा में जितेन्द्र मुदलियार हेमा सुदेश देशमुख संगीता गजभिए अंगेशवर देशमुख मोती साहू योगेन्द्र दास वैष्णव रोहित चंद्राकर रोशन साहू मोहनीश धनकर टिंकू साहू ललीता डोमार साहू भोज साहु महेश्वर साहू चुम्मन निषाद लोकेश गंगवीर कृत लाल पटेल दिल्लू साहू राजेन्द्र साहू ओमप्रकाश साहु विपत साहू सुनील कोठारी परस साहू गेंमू कुंजाम सहित कार्यकर्ता ग्रामीण जन बड़ी जनसंख्या उपस्थित हो श्रंद्धाजलि अर्पित किया।



# रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 सितंबर।** रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपि को गिरफ्तार किया है ।* पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ का 02 सितम्बर 2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी 1-सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल निवासी उमरपोटी दुर्ग,2-राजेश महिलांगे पदमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के द्वारा रेल्वे विभाग में टिकिट एक्जामिनर (ज्ञश्च) के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी वर्ष 2022 में खैरागढ पॉलीटेकनीक कालेज में पढाई के दौरान जान पहचान पदुमतरा निवासी राजेश महिलांगे से हुई थी जो रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने की बात बताया था। इसके एवज में 130000/रू (तेरह लाख ) मांग किये थे एवं अपने बडे अधिकारी के रूप में सुनील पटेल निवासी दुर्ग से मिलाया था। जो नौकरी लगाने का अश्वासन दिया दोनो की बातो में आकर घर वालो की रजा मंदी से घर के पुराने जेवर, सोना चांदी को विक्रय कर बैक के माध्यम से एव नगदी राशि कुल 130000/रू (तेरह लाख) दिये थे। दिनांक 18/11/2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित होने अपाइंन्टमेंट मिला जिस पर दिनांक 21/11/2022 को हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित हुआ । हेड आफिस में विभिन्न कागजातो पर हस्ताक्षर करवाया सर्विस बुक भराकर टैनिंग जाने आदेश की कापी दिया गया। जंहा कलकत्ता में 45 दिन तक ट्रेनिंग दिया गया।





ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनिंग अधिकारी को बैक के माध्यम से 50 हजार व नगदी 05 लाख रूपये मांग किये जाने पर दिया गया। प्रार्थी को ट्रेनिंग के दौरान संदेह होने पर अपने घर वापस आया पैसो की मांग करने पर आरोपियो के द्वारा टाल मटोल करता रहा । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल मार्गदर्शन पर निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से आरोपी की पता तलाश में जूट गयी आरोपी सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल उम्र 39 साल निवासी उमरपोटी थाना उतई जिला दुर्ग को दिनांक 04/09/2023 को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो रेल्वे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर, राजेश महिलांगे पदुमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के मिलकर 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) की ठगी करना बताये है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जंहा से जेल वारंट प्राप्त कर जेल भेजा गया। अन्य 03 आरोपियो की पता तलाश जारी है।

# 3 वर्षों से आरटीई की राशि नहीं मिलने से प्राइवेट स्कूल संचालकों की मुश्किलें बढ़ीं

■ शिक्षक दिवस के मौके पर काला-फीता बांधकर संचालकों ने जताया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 6 सितंबर।** 5 सितंबर को पूरा देश शिक्षक दिवस के रूप में मनाया, लेकिन सरकारी उपेक्षाओं से त्रस्त होकर प्राइवेट स्कूल के संचालकों ने शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक दिवस नहीं मानने और शाला में अवकाश रखने का निर्णय लेकर विरोध स्वरूप सभी संचालकों ने काला फिता बांधकर विरोध दर्ज किया है

आपको बता दें की सभी निजी संस्थाओं के संचालकों ने प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और स्पष्ट करते हुए बताया की शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मनमानी के कारण 3 वर्षो से आरटीई के शिक्षण शुल्क का भुगतान नहीं मिलने? से संस्था संचालकों को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है इसके वजह से संस्था संचालन की व्यवस्था चरमरा रही है



आरटीई की राशि भुगतान के लिए उच्च स्तर पर गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन विगत 6 माह से राशि भुगतान का सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, तथा बार-बार जिला शिक्षा कार्यालय धमतरी व शिक्षा विभाग संचनालय रायपुर बुलाकर सभी संचालकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, एवं नए-नए कारण बताकर राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है आरटीई की भर्ती प्रक्रिया के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय चरण होने के बाद भी नोडल अधिकारियों की लापरवाही एवं लिपिक की मनमानी के कारण शासन के नियमों को ताक पर रखा जा रहा है जिसके चलते अभी भी सीटें रिक्त रह गई है

निजी विद्यालय संघ के द्वारा आगामी 14 सितंबर (पोला त्यौहार ) को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन व्यापक रूप से गांधी मैदान धमतरी में करने का निर्णय लिया गया है तथा शासन प्रशासन से सभी निजी विद्यालय संघ की ओर से गुहार लगाई जाती है कि रोकी गई आरटीई की राशि का अति शीघ्र भुगतान करने की मांग किए हैं।

## मनीष साहू को किसी का भी हूबहू चित्र बनाने में है महारत हासिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 6 सितंबर।** भारतीय संस्कृति में कला का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हर व्यक्ति के अंदर कोई ना कोई कला होती है। कला को बहुत ही सम्मान दिया जाता है उसकी इज्जत की जाती है क्योंकि हर एक व्यक्ति को कला प्राप्त नहीं हो पाती और जिसके पास कला होती है वह जिंदगी में कुछ भी कर सकता है ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे कलाकार मौजूद हैं जो अपनी प्रतिभा के बलबूते अपने क्षेत्र और नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। आपको बता दें कि धमतरी जिले के आदिवासी विकासखंड नगरी के मनीष साहू पिता वीरेंद्र कुमार साहू वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा चौक नगरी निवासी युवक ने देश के महापुरुषों का हूबहू चित्र बनाने में महारथ हासिल किया है,उन्होंने अभी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित देश के कई गणमान्य लोगों का चित्र अपने हाथों से बनाया है विगत दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नगरी आगमन पर बनाए गए चित्र को भेंट भी किया है, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी में दसवीं क्लास का छात्र मनीष साहू ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन मेनन के चित्र बनाकर स्कूल में भेंट किया। चित्रकला में निपुण मनीष साहू को स्कूल के शिक्षक सहित नगरवासियों ने शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।



## धूमधाम से मनाया गया हलषष्ठी का पर्व

**डोंगरगढ 6 सितंबर।** विकासखंड के ग्राम अछोली में. भादो महीने के कृष्ण पक्ष की छठवीं तिथि को हलषष्ठी का पर्व आज 5 सितंबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया । स्थानीय केशरवानी समाज (गुप्ता ) की महिलाएं महेशा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सुप्रिया गुप्ता, किरण गुप्ता, बिमला गुप्ता आदि एवम अन्य समुदाय के महिलाओं द्वारा जगह देवस्थलों पर सागरी बनाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की, शास्त्रों के अनुसार हलषष्ठी मैया भगवान शिव पार्वती गणेश कार्तिकेय नंदी और सिंह आदि की पूजा कर दीर्घायु और श्रेष्ठ संतान प्राप्ति संतान की आयु आरोग्य एवं ऐश्वर्य की वृद्धि संतान की खुशहाली और सुख शांति की कामना के व्रत किया संतान को सुखी व दीर्घायु जीवन प्राप्त होता है इस व्रत में हल से जूते हुए अनाज व सब्जियों का सेवन नहीं किया जाता इसलिए महिलाएं इस दिन तालाब में उगे हुए पसहर चावल खाकर व्रत करते हैं इसमें गाय का दूध दही का इस्तेमाल नहीं किया जाता इसके लिए भैंस का दूध घी एवं दही का इस्तेमाल किया जाता है यह व्रत मुख्य रूप से पुत्र की दीर्घायु के लिए किया जाता है आज पूरे सनातन धर्म को मानने वाली माताएं अपने पुत्र के दीर्घ आयु व उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए शिव परिवार की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की।



## एनएसयूआई अध्यक्ष शान्तनु झा ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 6 सितंबर।** चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर को सौंपा ज्ञापन गोल्ड मेडलिस्ट छात्रङ्कछात्राओं और लोक कलाकारों को चुनाव आयोग का ब्रैंड एम्बेसडर बनाने की मांग की एनएसयूआई रायपुर जिला अध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंचे और श्री क्षीरसागर से मुलाकात करते हुए अपनी बातो को रखा श्री झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग तीन माह के बाद विधानसभा चुनाव का आयोजन होने जा रहा है, छत्तीसगढ़ राज्य में साढ़े छः लाख से अधिक युवा साथी नए मतदाता के रूप में शामिल हुए हैं, जो कि प्रथम बार अपने मत का उपयोग करके मतदान करेंगे। चुनाव आयोग पूरे प्रदेश में मतदान करने के लिए एवं आम लोगों को मतदान की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न आयोजन कार्यक्रम करते रहता है, साथ ही विभिन्न सेलिब्रिटीज कलाकारों एवं अन्य समाज में प्रभाव डालने वाले लोगों को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करता है, छत्तीसगढ़ में साढ़े सात सौ से अधिक महाविद्यालय एवं बाइस से अधिक सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालय हैं, हमारा निवेदन है कि चुनाव आयोग द्वारा कॉलेज के गोल्डमेडलिस्ट छात्र छात्राओं को कॉलेज का ब्रैंड एम्बेसडर नियुक्त किया जाए ताकि उसे प्रभावित होकर युवा साथी एवं छात्र-छात्राएं मतदान करने के लिए प्रेरित हों, इसी तरह छत्तीसगढ़ में लोक कलाकारों का भी विशेष प्रभाव एवं महत्व है, उन लोक कलाकारों को राज्य स्तर पर ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके चुनाव आयोग को मौका देना चाहिए ताकि जुड़े हुए साढे छह लाख से अधिक मतदाता हर्ष के साथ मतदान की ओर प्रेरित हो एवं बढ़ चढ़कर मतदान में अपना हिस्सा लें। आज ज्ञापन देने मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शान्तनु झा,महामंत्री सूरज साहू,जिला उपाध्यक्ष भोजराज,डिकेश साहू,तारिक अनवर,अभिषेक साहू, राहुल, अनिल, नवीन, संस्कार, युवराज,देश शर्मा,भूपेंद्र बावनकर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।



### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**डोंगरगढ़ 6 सितंबर।** नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के जिलाध्यक्ष बनने के पश्चात प्रथम शहर आगमन पर ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात स्थानीय नवीन विश्राम गृह में आयोजित बैठक में पहुंचकर कांग्रेस जनों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनांदगांव जिला के ग्राम ठेकवा में 8 सितंबर को आगमन के विषय में चर्चा की गई। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मेलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस जन और आम नागरिक पहुंचे इस बात को हम सभी कांग्रेस जनों को सुनिश्चित करना है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा किए गए भारत जोड़ो यात्रा के 7 सितंबर को 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक ब्लॉक में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा जिला उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा जिला कोषाध्यक्ष मोती साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता संध्या देशपांडे हर्षिता स्वामी ममता शिन्दे शिशुपाल भारती माधो देवदास अनिल मेश्राम संजय श्रीवास्तव रिम्मी भाटिया एडविन हैदर भारत भूषण मेश्राम प्रमोद टेम्भुर्णीकर अजय मार्कंडेय हरीश भंडारी धन्ना गणवीर जितेन्द्र भाटिया विजय राज सिंह रूपचंद खोबरागड़े संजय यादव मतीन खान शिव निषाद राहुल यादव मनोहर कंडरा गणेश मुदलियार अकिल कुरैशी बब्बू खान दुलीचंद बडोले गणेश साहू वीरेंद्र पाल मयूर हथेल संजय रामटेके अम्बरीष टांडिया किरण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### अर्जेटीना में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अंडर 19 वर्ल्ड चैम्पियनशिप वालीबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर महेन्द्र ध्रुवे को महापौर ने दी बधाई



**राजनांदगांव 6 सितम्बर।** अर्जेंटीना में अंतर्राष्ट्रीय अंडर 19 वल्ड चेम्पियनशिप वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गयी प्रतियोगिता में संस्कारधानी राजनांदगांव का बेटा महेन्द्र ध्रुवे ने खेल का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। विदेश में जाकर वालीबाल खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर परचम लहराने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने महेन्द्र ध्रुवे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बधाई देते हुये उन्होंने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव का होनहार खिलाडी की माता श्रीमती संध्या ध्रुवे एवं उनकी मोसी श्रीमती रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय वालीबाल खिलाडी है, इन्ही की प्रेरणा से खेल में विदेश मे जाकर वालीबाल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर महेन्द्र ने संस्कारधानी का नाम रोशन किया है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि अच्छा खेल कर इन्होंने छत्तीसगढ़ सहित संस्कारधानी का नाम रोशन किया है, वह आगे भी ये इसी प्रकार मेहनतकर उचाईयों में पहुॅचे तथा शहर व प्रदेश का नाम देश विदेश में रोशन करे यही भगवान से प्रार्थना करते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूॅ। इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाडी श्री मनीष गौतम, सुप्रसिद्ध गायक श्री सुनील बंसोड ने भी श्री महेन्द्र ध्रुवे को बधाई दिये है।

# जन-जन की सरकार कांग्रेस की सरकार:पंकज मिश्रा

■ सरकार की उपलब्धियों को बताने उत्तर विधानसभा पदयात्रा

**रायपुर 6 सितंबर।** राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने और कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियों से लोगो को अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पंकज मिश्रा के नेतृत्व मे आज रायपुर उत्तर विधानसभा में पदयात्रा का आगाज किया गया है,जिसका उद्देश्य फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है। प्रदेश कांग्रेस सचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि कांग्रस की सरकार जनता की सरकार है,जिसने हर फैसला सोच समझकर लिया है।सबसे पहले अपने वादों को पूरा किया,साथ ही कई और ऐसे निर्णय लिय जो जनहितैषी थे।पंकज मिश्रा ने बताया कि आज मंगलवार को सुबह 11 बजे राठौर चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान जी के मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद पद यात्रा शुरू हुई जो गुरुनानक चौक से शुरू होते हुए राठौर चौक,तेलघानी गई फिर वहाँ से स्टेशन चौक पहुची फिर आगे फाफाडीह चौक होते हुए पीथालिया कॉम्पलैक्स से होते हुए नहरपारा में खत्म हुई।पीसीसी सचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा लगातार उत्तर विधानसभा में घूमेगी और सभी को सरकार की योजनाओं की जानकारी देगी।बीजेपी के शासन से लोग परेशान थे,तो उन्होंने कांग्रेस को चुना और हमारी सरकार ने हर वह काम किया जिससे लोगो को फायदा हो,और आगे भी कांग्रेस सरकार लगातार जनहितैषी काम करती रहेगा।पंकज मिश्रा ने बताया कि यात्रा का एक मकसद यह भी है कि अगर किसी कारण वश किसी को लाभ नहीं मिल पाया होगा तो उसे भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाय।यह पदयात्रा लगातार घूमती रहेगी और कांग्रस सरकार के पक्ष में माहौल बनायेगी।आज के पदयात्रा मे मुख्य रूप से फ़ईम शेख,मनहरण वर्मा,योगेश तिवारी,कुणाल दूबे,संजू ठाकुर,गोपी जाल,सैफ़ शाह,अजीज अहमद,दीपक श्रीवास,संतोष राव,बिज्जू बघेल,अजय मेहर,मों तहसीन,रोमी वोहरा,कमलेश सिंह,सुनील पिल्ले, रशीद ख़ान,मो रज़ा,पंकज ठाकुर,विक्की बँसोर,गौतम साहू,जावेद ख़ान आदि साथी उपस्थित थे।



# आदिवासियों को अपनी कठपुतली न समझे भाजपा:मनभावन सिंह उईके

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 8 सितंबर।** युवा पत्रकार व सर्व आदिवासी समाज मिडिया प्रभारी मनभावन सिंह उइके ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा है कि सर्व आदिवासी समाज का उपयोग कर, नेता गिरी करने वाले भाजपा कांग्रेस के नेताओ को सुधर जाने कि सलाह दी है, ऐसे नेता जो आदिवासी समाज के कुछ लोगो को अपने साथ रख कर यह प्रदर्शित करने में लगा है कि आदिवासी समाज उनके साथ है, वे यह गलत फहमी पाल के न रखे, सर्व आदिवासी समाज अब अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने तैयार बैठा है।

वही आदिवासी समाज के कुछ समाज प्रमुख जो कि कांग्रेस भाजपा के नेताओ के पीछे उनका झंडा उठा रहे है, वह अब समाज से जुड़ कर समाज के लिए कार्य करने का आग्रह भी है, नहीं तो सर्व आदिवासी समाज ऐसे गुलामी करने वालो के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने तैयार बैठा है,।

उइके ने कहा है कि सर्व आदिवासी समाज के हमारे प्रमुख नेता आदरणीय अरविन्द नेताम जी ने पहले ही घोषणा कर दिया है कि छ.ग. के 50 विधानसभा सीटो पर चुनाव लड़ना है, इस घोषणा के बाद से ही सर्व आदिवासी समाज जोरशोर से तैयारी में जुट गया है, व इस बार खुज्जी विधानसभा से सर्व आदिवासी समाज के तरफ से उम्मीदवार उतर रहा है, और मजबूती के साथ भाजपा कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने तैयार बैठा है।



उइके का कहना है कि सर्व आदिवासी समाज का हितैसी बताने वाले भाजपा - कांग्रेस अपनी-अपनी मंशा पहले ही जाहिर कर चुका है, कांग्रेस भाजपा द्वारा हमारे आदिवासी नेताओ का मान सम्मान को लगातार घटाया है, जिसका जीता जाता उदाहरण है, कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार उपेक्षा करने के कारण आदिवासी नेता अरविन्द नेताम जी को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देना पड़ा, तो वही भाजपा ने आदिवासी समाज से आने वाले तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदेव साय को 9 अगस्त को पद से हटा दिया वो भी ऐसे दिन जब पूरा देश विश्व आदिवासी दिवस मनाते है, उसी तरह भाजपा से उपेक्षित महसूस करते हुए नंदकुमार साय जी को भाजपा छोड़ना पड़ा,7

भाजपा ङ्क कांग्रेस सर्व आदिवासी समाज का सिर्फ शोषण ही किया है, दोनों दल सर्व आदिवासियों को वोट बैंक ही समझती आई है, कांग्रेस पिछले 25 वर्षो से 5 पंच वर्षीय तो वही भाजपा वर्तमान मिलाकर 15 वर्ष 3 पंच वर्षीय खुज्जी विधानसभा से लगातार साहू समाज पर दाव खेलते आ रहा है।

भाजपा कांग्रेस ने सर्व आदिवासी समाज, एससी समाज के साथ साथ ओबीसी समाज के उन 18 जात भाइयो को भी ठगा है जो ओबीसी समाज से आते है, ओबीसी समाज 19 जातियों का एक समूह समाज है, जिसमे यादव, सिन्हा, साहू, बरेठ, नाऊ, कुम्हार, पटेल, कुर्मी, निषाद, व अन्य जाति शामिल है, पर दोनों दल लगातार साहू समाज को टिकट देकर उन 18 जात भाइयो के साथ भी नाइंसाफी करते आ रहे है।

उइके ने आगे कहा है कि इस बार खुज्जी विधानसभा से सर्व आदिवासी समाज के तरफ से खड़े होने वाले उम्मीदवार को एसटी,एससी, एवं ओबीसी समाज के 18 जात भाईयो का पूरा समर्थन प्राप्त होगा, जिससे खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से सर्व आदिवासी समाज के उम्मीदवार भारी मतो से विजय प्राप्त कर विधायक बनेगा।

## संपादकीय

# भाजपा को मौका दे दिया

राजनीति में एक गलती भी बहुत भारी पड़ जाती है। इसलिए राजनीति में ऐसी गलती से बचना चाहिए जिससे बड़ा राजनीतिक नुकसान हो सकता है। विपक्षी मोर्चा की तीसरी बैठक हाल में मुंबई में समाप्त हुई है। सभी दलों ने एकजुटता पर जोर दिया। सभी दलों ने एकजुट होने का दिखावा भी किया। ऊपरी तौर पर विपक्षी दल जितने भी एकजुट दिखाई देने का प्रयास करे लेकिन भीरती तौर पर दल बंटे हुए हैं, अपने अपने राज्यों में उनके अपने राजनीतिक हित हैं। कई बार ऐसा होता है कि उन्हें अपने राज्य के राजनीतिक हित को भी देखना पड़ता है.तब वह भूल जाते हैं कि वह राष्ट्रीय स्तर पर किसी मोर्चा का हिस्सा भी हैं तथा राज्य के साथ साथ उनकी जिम्मेदारी मोर्चा के राजनीतिक हितों की रक्षा करने की भी है। यानी उन्हें राज्य में ऐसा कुछ भी नहं कहना या करना है जिससे मोर्चा को जवाब देना मुश्किल हो जाए। विपक्षी मोर्चा के एक प्रमुख दल द्रमुक के उदयनिधि ने ऐसा ही बयान दे दिया है कि अब विपक्षी मोर्चा को जवाब देते नहीं बन रहा है। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के पुत्र उदयनिधि ने सनातन को डेंगू,मलेरिया व कोरोना जैसी बीमारी बता कर उसके खत्म करने की बात एक कार्यक्रम मे कह दी। अब सोशल मीडिया का जमाना है, देखते देखते ही उनका वीडियों वायरल हो गया जिसें वह सनातन के खिलाफ कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसा करके उदयनिधि ने विपक्षी मोर्चा को पूरे देश में मुश्किल में डाल दिया है। भाजपा तो पहले से विपक्षी मोर्चा के खिलाफ बोलने का कोई मुद्दा ढूंढ रही थी. यह मौका उसे उदयनिधि ने दे दिया। द्रमुक विपक्षी मोर्चा का एक बड़ा दल है। विपक्षी मोर्चा के बाकी दलों की परेशानी यह है कि न तो वह उदयनिदि को गलत कह सकते हैं न ही यह कह सकते हैं कि उसने जो कुछ कहा वह सही है।कांग्रेस के वेणुगोपोल ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा है कि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में यकीन रखती है। वह यह भी मानती है कि सभी को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। यानी कांग्रेस यह मान रही है कि उदयनिधि ने जो कुछ कहा वह उसका विचार है तथा उसे यह कहने का आधिकार है। वेणुगोपाल के इस कथन का यह भी मतलब निकाली जा सकता है कि क्या किसी को यह कहने का अधिकार है कि किसी धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इसे अभिव्यक्ति की आजादी नहीं कहा जा सकता, यह तो अभिव्यक्ति की स्वछंदता है। संविधान ऐसी स्वछंदता की इजाजत किसी को नहीं देता है। इसे हेट स्पीच भी माना जा सकता है। कोई किसी को समाप्त करने, खत्म करने की बात तब ही करता है जब वह उससे नफरत करना है। विपक्ष के ममता बैनर्जी ने जरूर कहा है कि सबको सब धर्मों का सम्मान करना चाहिए। उध्दव गुट ने जरूर उदयनिधि के बयान का विरोध किया है। कांग्रेस नेता कार्ति चिदबंरम व कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के पुत्र ने एक तरह से उदयनिधि के बयान का समर्थन किया है। वही छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव ने इसे उदयनिधि का निजी राय बताया है। विपक्ष के बड़े दलों के नेताओं जैसे राहुल गांधी, नीतीश कुमार, लालू यादव, अखिलेश यादव आदि ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। अब किसी को संविधान खतरे में नहीं लगता है,किसी को प्रजातंत्र खतरे में नहीं लगता है, मोहब्बत की दुकान खोलने वालों को उदयनिधि के बयान में नफरत नहीं दिखाई देती है। किसी की हिम्मत नहीं हो रही है कि यह कहने की यह बांटने वाली राजनीति है। देश के लोग तो यह भी याद कर रहे हैं कि नुपूर शर्मा के बयान पर तो सुप्रीम कोर्ट ने खुद ही संज्ञान ले लिया था लेकिन उदयनिधि के बयान पर वह भी निष्क्रिय है। लोग तो सवाल उठा रहे हैं कि नुपूर शर्मा का मामला हेट स्पीच माना जा सकता है जबकि वह किसी को खत्म करने की बात ही नहीं कर रही थी, तो यह मामला क्यों नहीं माना जा रहा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको आगे बढ़ने के नये अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। इस राशि के सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को आज किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। कोई जरूरी कार्य पड़ जाने की वजह से आज आपको कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से जॉब मिलेगी। घर के किसी कन्या को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज जीवनसाथी से किया कोई वादा पूरा करेंगे। परिवार में आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। वाहन चलते समय सावधानी रखें, ग्रीन लाइट होने पर सिग्नल पार करें। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है नया काम शुरू करने का प्लान बनायेगी। ज्वेलरी के कारोबारियों को आज ज्यादा लाभ मिलेगा। लवमेट्स लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। यदि आपका कोई सम्पत्ति संबंधित मामला कोर्ट में चल रहा है, तो उसका फैसला आपके पक्ष में रहेगा। आज आपके बदले व्यवहार से आपकी माता को प्रसन्नता होगी। ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह कारगर साबित होगी। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाल है। आज अपने निर्णय लेने की क्षमता को मजबूती मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज अपने कार्यों को पूरा करने में लोगों का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से कार्यों में मदद मिलेगी, कार्य समय से पहले पूरे हो जाएंगे। लवमेट्स से आज आपके मनपसंद की ड्रेस उपहार में मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाले रहेगा। आज आपको किसी कार्य में ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा। कहीं फंसा हुआ पैसा आज अचानक वापस मिलने से आपको खुशी होगी। इस राशि के जो छात्र विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं उनको सफलता मिलेगी। आपका कोई मित्र आज आपके लिए कोई शुभ सूचना लेकर आ सकता है । आज आप प्लानिंग के साथ कार्यों को करेंगे तो तय समय में कार्य पूरे हो जाएंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरुरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है, यात्रा लाभदायक होगी। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। साथ ही लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भर सकते है। कार्यों में माता- पिता का सहयोग मिलेग। बच्चों का मन नई-नई चीजों को सीखने में लगेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। संतान की तरफ से आज आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। लेनदेन से संबंधित कोई मामला आज आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना लाएं। घर परिवार का माहौल अच्छा बना रहेगा। जीवनसाथी आज घर के कार्यों में सहयोग करेंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। आज आपकी कोई पुरानी डील फाइनल हो सकती है। आज अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगायेंगे तो अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आप किसी से धन उधार लेना चाहते हैं, तो आज आपको आसानी से मिल जाएगा। आज छात्रों की रूचि पढ़ाई के प्रति ज्यादा रहेगी। दाम्पत्य जीवन आज अच्छा रहने वाला है। अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके बिजनेस की गति अच्छी बनी रहेगी। आय के अलग-अलग स्त्रोत मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान पुण्य के कार्य में भी लगा सकते हैं। किसी अच्छे डॉक्टर की सलाह से माता जी के सेहत में सुधार आएगा। ऑफिस के कार्यों को समय पर पूरा कर लें। दाम्पत्य जीवन में चल रही समस्याएं आज समाप्त होंगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके खुशनुमा रहने वाला है। आज अपने काम को पूरा करने के लिए एक्साइटेड रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को आज किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी में प्रोमोशन के साथ-साथ इन्क्रीमेंट भी होगा। घर जाते वक्त मिठाई लेकर जायेंगे। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में काम को पूरा करने की जिम्मेदारियां आ सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरते। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी मिलने के कारण घर से दूर जाना पड़ सकता है। आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने कोई जरूरी जानकारी लीक ना होने दें।

# और कितनी 'निर्भयाएं' ?

**गंभीर मुद्दा**

**निर्मल रानी**



याद कीजिये 16 दिसंबर 2012 की वह काली रात जब दिल्ली के वसंत विहार में पैरा मेडिकल की छात्रा 'निर्भया' के साथ 6 अपराधियों द्वारा चलती हुई बस में गैंगरेप किया गया था। निर्भया के साथ बलात्कार किया गया था व उसके निजी अंगों को बुरी तरह ज़ख़्मी किया गया था। यहां तक कि छात्रा और उसके दोस्त को बस से कुचलकर मारने की कोशिश भी की गई थी। घटना के कुछ दिन बाद निर्भया की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के बाद दिल्ली सहित पूरा देश उबल पड़ा था। राजधानी दिल्ली सहित देश भर में इस गैंगरेप को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किए गए थे। पूरे देश का मीडिया एक स्वर से सत्ता के विरोध में उतरा हुआ था। उस समय कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए गठबंधन की सरकार पर दबाव बनाने के लिये जगह जगह विरोध प्रदर्शन हुये थे। और तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक विरोध स्वर को सम्मान देते हुये इस तरह के मामलों में क़ानून बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया था। फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने इन आरोपियों पर गैंगरेप, हत्या और लूट के मामलों में आरोप तय किए थे।11 जुलाई 2013 को 6 आरोपियों में से राम सिंह नाम के एक अपराधी ने तिहाड़ जेल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।तथा एक नाबालिग़ को गैंगरेप और हत्या के मामले में तीन साल की सज़ा सुनाई गई थी। जबकि विशेष फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट से लेकर उच्च न्यायलय व उच्चतम न्यायलय तक सभी अदालतों द्वारा सुनाये गये फ़ैसलों के बाद निर्भया के शेष चारों दोषियों को 20 मार्च 2020 को सुबह 5.30 बजे तिहाड़ जेल में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया गया था। उस समय सत्ता का विरोध करने वाले किसी एक पत्रकार की न तो गिरफ़्तारी हुई थी न ही बदनामी के डर से सरकार अपनी आलोचनाओं को दबाने का प्रयास करते दिखाई दी। और कहना ग़लत नहीं होगा कि 2014 में हुये सत्ता परिवर्तन के जहां अनेक कारण थे वहीँ 'निर्भया काण्ड ' भी उन कारणों में एक था। इसी काण्ड की आड़ में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 चुनाव पूर्व अपना लोकप्रिय नारा गढ़ा था - 'बहुत हुआ नारी पर वार -अबकी बार मोदी सरकार'।

निर्भया काण्ड के दिनों को याद कीजिए तो ऐसा लग रहा था कि स्वतंत्र भारत के इतिहास की उस समय तक की वह सबसे वीभत्स घटना थी। और यह भी कि महिला विरोधी अपराधों को रोक पाने वाली उस समय की वह सबसे विफ़लतम सरकार थी। आज के सत्ताधारी ही उस वक़्त की निर्भया काण्ड के सबसे बड़े पैरोकार व प्रदर्शनकारी थे। और जगह जगह उठने वाले कैंडल मार्च व मशाल जुलूसों के अगुआकार थे। परन्तु केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से लेकर अब तक देश में अनगिनत 'निर्भया काण्ड ' या उससे भी वीभत्स महिला उत्पीड़न के मामले हो चुके हैं। मिसाल के तौर पर कश्मीर के कठुआ में जनवरी 2018 में आसिफ़ा नाम की एक आठ वर्षीय मुस्लिम मासूम लड़की का अपहरण किया जाता है। और उसे कई दिनों तक एक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी व स्थानीय पुलिस कर्मियों की क़ैद में रखकर कई दिनों तक उसका बलात्कार किया जाता है। अंत में उसकी हत्या कर उसका क्षत विक्षत शव पास के जंगल में फेंक दिया जाता है। यह शायद देश का पहला हादसा था जिसमें सत्ताधारी भाजपाइयों ने बलात्कारियों व हत्यारों के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली थी। इस यात्रा में जम्मू कश्मीर के कई तत्कालीन भाजपाई मंत्री व विधायक भी शामिल हुए थे। 2012 में निर्भया के पैरोकार उस समय धर्म के आधार पर बलात्कार पीड़िता के साथ नहीं बल्कि बलात्कारियों के साथ खड़े दिखाई दिए थे। उसके बाद 14 सितंबर 2020 को हाथरस के निकट एक बीस साल की दलित युवती जोकि अपनी मां के साथ अपने घर से क़रीब आधा किलोमीटर दूर घास काटने गई थी वहीं गांव के ही दबंग परिवार के




चार अभियुक्तों ने खेतों में ही लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया और उसे बुरी तरह घायल भी किया । पहले पीड़िता को अलीगढ़ अस्पताल ले जाया गया और बाद में गंभीर अवस्था के चलते उसे 28 सितंबर को दिल्ली के सफ़दरजंग अस्पताल शिफ़्ट किया गया था जहां अगले दिन उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने बिना परिवार को मृतका का चेहरा दिखाए तीस सितंबर को रात के अंधेरे में ही खेतों में ही लड़की का अंतिम संस्कार कर दिया था जिसे लेकर काफ़ी हंगामा हुआ था। सरकार द्वारा बदनामी के डर से ही यह सब किया गया। कुछ पत्रकारों को भी इसी मामले की रिपोर्टिंग को लेकर गिरफ़्तार किया गया। हाथरस घटना में पुलिस की भूमिका काफ़ी संदेहपूर्ण रही जिसके कारण पुलिस की छवि बहुत ख़राब हुई । पुलिस तो लगातार अपने बयान भी बदल रही थी। इस मामले में पहले पुलिस ने कहा था कि बलात्कार हुआ ही नहीं है। जबकि पीड़िता ने मरने से पहले ख़ुद अपने मुंह से यह बात कही थी कि उसके साथ गांव के चार लड़कों ने बलात्कार किया है। परन्तु जब पुलिस ने जब यह देखा कि देश भर में उसके बयान से बवाल मच गया है तो उसने फिर अपनी बात बदल दी और यह कहा कि 'पीड़िता के साथ जबरन संबंध नहीं बनाए गए'।

अब पिछले दिनों एक बार फिर उत्तर प्रदेश के ही सुल्तानपुर -अयोध्या के मध्य ट्रेन में देर रात घटी एक वीभत्स घटना ने एक और निर्भया जैसी याद ताज़ा कर दी है।पुलिस की वर्दी पहने हनुमान गढ़ी में ड्यूटी पर जा रही एक महिला पुलिस कर्मी के साथ चलती ट्रेन में क्या कुछ नहीं हुआ। उसके घायलावस्था के चित्र व लहूलहान हालत में अर्धनग्न अवस्था में उसकी विडीओ देख किसी भी व्यक्ति की आँखों से नींद उड़ जाएगी। परन्तु देश के मीडिया को भी सांपसूंघ गया और सरकार भी दोषियों की तलाश करने या रेल यात्रियों की सुरक्षा की बात करने के बजाये अपनी झूठी इज़्ज़त बचने के लिये मामले पर यथासंभव पर्दा डालने में व्यस्त रही। और यही वजह थी कि जब महिला कांस्टेबल की ओर से कोई फ़रियाद नहीं सुनाई दी तो इलाहबाद उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुये देर रात अपने घर पर ही अदालत बुलाई,मामले की सुनवाई की और रेलवे तथा राज्य सरकार के अधिकारीयों को घटना के ब्योरे के साथ तलब किया। परन्तु आज की बेशर्म सरकारें अपराधों पर लगाम लगाने की कम बल्कि घटनाओं पर पर्दा डालने,मीडिया मैनेजमेंट के द्वारा उन्हें छुपाने और अपराधियों के बजाये ऐसी ख़बरों को उजागर करने वाले गिने चुने ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों पर मुक़द्दमे करने व उन्हें जेल भेजने में ज़्यादा यक़ीन रखती हैं। गुजरात में बिल्क़ीस बानो के बलात्कारियों को पहले रिहा व बाद में उन्हें महिमामंडित करने से लेकर मणिपुर में महिलाओं को निःवस्त्र घुमाने तक की तमाम घटनायें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि बलात्कार व हत्या को लेकर सरकार का दिया गया नारा -'बहुत हुआ नारी पर वार' न केवल खोखला व अवसरवादी था बल्कि इस ढुलमुल रवैय्ये से संभवतः अभी और भी न जाने कितनी 'निर्भयाएं ' अपनी क़िस्मत पर आंसू बहाती रहेंगी?

# वन नेशन, वन इलेक्शन:क्या फायदे और क्या नुकसान ?

**चर्चित मुद्दा**

**तनवीर जाफ़री**



हाल ही में केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष में जब कुछ राज्यों के चुनाव व आम चुनाव को लेकर बहुत ही कम समय बचा हुआ है, एक देश, एक चुनाव के विचार को लेकर देश में एक नई बहस को जन्म दिया है। वास्तव में, इस विचार के पीछे आखिर तार्किकता अथवा लाजिक क्या है ? प्रश्न यह भी उठता है कि क्या देश में एक ही समय में चुनाव कराये जाने चाहिए अथवा अलग अलग चुनाव कराने चाहिए ? इनके फायदे क्या हैं और नुकसान क्या हैं ?, इस पर हमें यहां गहन मंथन करने की जरूरत है। प्रश्न यह भी है कि क्या वन नेशन, वन इलेक्शन को अमलीजामा पहनाया जा सकता है अथवा नहीं? यहां यह भी प्रश्न उठता है कि क्या विपक्षी दलों की इस कंसेप्ट(वन नेशन वन इलेक्शन) पर सहमति मिल सकेगी ? क्या केंद्र सरकार वैधानिक व संवैधानिक जरूरतों को पूरा कर पायेगी ? बहरहाल, विपक्षी दल सरकार के इस कदम को ठीक नहीं मान रहें हैं और उनका यह मानना है कि यह उनके राजनीतिक हितों के सर्वथा खिलाफ है। सच तो यह है कि विपक्षी दल सरकार के इस कंसेप्ट यानी कि वन नेशन वन इलेक्शन को मानने को तैयार नजर नहीं आतें हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन भी कर दिया है। यह कमेटी वन नेशन वन इलेक्शन के फायदों और नुकसानों का संपूर्ण अध्ययन करने के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। बताया जा रहा है कि यह समिति यह भी सिफारिश करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता होगी अथवा नहीं होगी। सरकार ने इस संबंध में 18 सितंबर 2023 से संसद के दोनों सदनों का एक विशेष सत्र बुलाने की घोषणा भी की है, और मीडिया के हवाले से यह खबरें लगातार आ रहीं हैं कि इस विशेष सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन से संबंधित विधेयक लाया जा सकता है। पाठकों को यहां जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1951 से लेकर 1967 तक देश में लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते थे, लेकिन वर्ष 1967 के बाद स्थिति बदल गई। देश की क्षेत्रीय पार्टियों का मानना है कि लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से राष्ट्रीय मुद्दे हावी हो जाते हैं तथा क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाते हैं। इसका लाभ राष्ट्रीय पार्टियों को ज्यादा मिलेगा। क्षेत्रीय पार्टियों का यह भी मानना है कि वन नेशन, वन इलेक्शन होने से उनकी राजनीति की सेहत पर बहुत ही विपरीत व गलत प्रभाव पड़ेगा। एक साथ चुनाव कराने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा तथा संविधान में संशोधन करने की जरूरत भी होगी। कई विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाना पड़ेगा तथा कई विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना पड़ेगा। वैसे कुछ विषय विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि वन नेशन, वन इलेक्शन लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही सराहनीय कदम इसलिए कहा जा सकता है क्यों कि इससे चुनावों पर होने वाले खर्च में अभूतपूर्व कमी आएगी। इससे पूरे देश में प्रशासनिक व्यवस्था में दक्षता बढ़ेगी और देश के विभिन्न संसाधनों की बचत हो सकेगी। इसके साथ ही विकास की गति भी धीमी नहीं पड़ेगी। इतना ही नहीं, इससे केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों और कार्यक्रमों में निरंतरता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। लेकिन वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का यह भी मानना है कि इसमें(वन नेशन, वन इलेक्शन ) बहुत सी चुनौतियां भी हैं। जैसे इसके लिए राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोकसभा के साथ जोड़ने के लिए, जैसा कि ऊपर भी जानकारी दे चुका हूं कि विभिन्न संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी?। दूसरे शब्दों में कहें तो विभिन्न संसदीय प्रक्रियाओं में भी संशोधन को जामा पहनाना होगा। कुछ लोग इस मत के हैं कि एक साथ चुनाव कराने का यह घाटा होगा कि क्षेत्रीय दल भी स्थानीय मुद्दों को मजबूती से नहीं उठा पायेंगे। क्षेत्रीय दल चुनाव खर्च और चुनाव रणनीति के मामले में राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भी असमर्थ होंगे। इतना ही नहीं देश के संघवाद के लिए एक साथ चुनावों से उत्पन्न चुनौतियों की भी आशंका है। अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है एक साथ चुनाव कराने के अपने अपने फायदे और नुकसान दोनों ही हैं। यह तो अब समय के घेरे में ही है कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित की गई समिति सरकार इस संबंध में क्या और कैसी(वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष या विपक्ष में) रिपोर्ट प्रस्तुत करती है ?

## सेहत — दिनभर कंफ्यूज रहना भी एक तरह की बीमारी



बहुत से लोगों को आपने देखा होगा, जो दिनभर कंफ्यूज रहते हैं. किसी फैसले को लेने में उन्हें काफी वक्त लग जाता है. ऐसे लोग एक बड़ी समस्या की चपेट में हो सकते हैं, जिसे एडल्ट अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी (एडीएचडी) कहते हैं. कई स्टडीज के मुताबिक, भारत में करीब 1.6 प्रतिशत से 12.2 प्रतिशत तक बच्चों में एडीएचडी की प्रॉब्लमस पाई जाती है। आइए जानते हैं क्या है ये समस्या और यह कितनी गंभीर हो सकती है...

**एडीएचडी क्या है?**-अटेंशन डिफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर एक तरह से मेंटल डिसऑर्डर है। इसकी चपेट में आने पर कई समस्याएं लगातार देखने को मिलती हैं. यह एक तरह का न्यूरोडेवलपमेंटल डिसॉर्डर है, जो ब्रेन और नर्वस सिस्टम के डेवलपमेंट को प्रभावित करता है. इसकी वजह से ब्रेन के अलग-अलग हिस्से एक-दूसरे से संपर्क में नहीं आ पाते और उनके दिमाग की सम्पर्क नहीं कर पाते है, जिसके चलते दिमाग का काम प्रभावित होता है.

**एडल्ट डिफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर क्यों कहते हैं**-इस डिसऑर्डर की परेशानी वाले लोग एक जगह ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते और ना ही एक जगह बैठे रह पाते हैं. ज्यादातर यह परेशानी बच्चों में देखने को मिलती है. हालांकि, कभी-कभी एडल्ट में भी यह समस्या देखी जाती है, जिसे एडल्ट एडीएचडी (एडल्ट एडीएचडी) कहा जाता है. एडीएचडी की वजह से बच्चों को कुछ भी सिखाना काफी मुश्किल होता है.

एडीएचडी के क्या लक्षण होते हैं

* किसी चीज पर फोकस करने में परेशानी
* गुस्सा, चिड़चिड़ापन, बेचैनी
* गर्म मिजाज होना
* किसी भी चीज की समस्या को पहले देखना
* टाइम मैनेजमेंट सही न होना
* मल्टीटास्किंग
* किसी भी प्लानिंग में परेशानी
* बार-बार मूड का बदलना
* किसी काम को पूरा करने को ही भूल जाना
* आसानी से विचलित हो जाना
* बैठने में समस्या होना

एडीएचडी के क्या कारण होते हैं

जेनेटिक यानी अनुवांशिक

खानपान के सही न होने से

धूम्रपान, एल्कोहॉल का ज्यादा सेवन

एडीएचडी का इलाज क्या है

* टॉकिंग थेरेपी
* रेगुलर एक्टिविटी पर फोकस करें
* डेली रूटीन की लिस्ट पहले ही बना लें.
* बच्चे की पसंद को समझें
* क्रिएटिव काम कराएं.
* काउंसलिंग कराएं.

# बांग्लादेश कहीं पटरी से नीचे न उतर जाए!

**श्रुति व्यास**

जहाँ तक हालिया वर्षों में हुई आर्थिक तरक्की का सवाल है, बांग्लादेश की कोई सानी नहीं है। हालिया विकास यात्रा अद्भुत और बेहतरीन है। सन् 1971 में तीसरे भारत-पाकिस्तान युद्ध से जन्में बांग्लादेश को हैनरी किसिंजर ने द बास्केट केस (एकदम घटिया) बताया था। बांग्लादेश के बारे में तब माना गया कि वह एक नाकाम मुल्क बनकर रह जाएगा। मगर इस धारणा को झुठलाते हुए बांग्लादेश ने एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, कम संसाधनों के साथ सामाजिक विकास के मॉडल और दक्षिण एशिया का सबसे तेज आर्थिक विकास दर वाला देश बनकर दिखाया है।

इस शानदार सफ़र का श्रेय देश की लौह महिला मानी जाने वाली शेख हसीना को है। उनके दो दशकों के राज में 17 करोड़ की आबादी वाले इस देश ने 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की जीडीपी वृद्धि दर के साथ गरीबी हटाने की दिशा में देखने लायक प्रगति की। पचहत्तर साल की शेख हसीना के नेतृत्व में उनकी आवामी लीग पार्टी ने लगातार तीन चुनाव जीते है। उन्हें पूरा भरोसा है कि 2024 के शुरू में होने वाले अगले चुनाव में भी उनकी जीत होगी।लेकिन बांग्लादेश की जनता का मूड कुछ और ही इशारा कर रहा है। पर्दे के पीछे शेख हसीना राजनैतिक जमावट का ऐसा अभियान चला रही हैं जिसका लक्ष्य विपक्षी नेताओं, विश्लेषकों और कार्यकर्ताओं के अनुसार, आने वाले चुनाव में इस दक्षिण एशियाई गणतंत्र का एक पार्टी वाले देश में कनवर्ट होना है। अपने 14 साल के कार्यकाल में हसीना ने अपने वफादारों को नियुक्त करके देश की प्रमुख संस्थाओं जैसे पुलिस, सेना और अदालतों पर अपना कंट्रोल स्थापित कर लिया है। मैसेज एकदम साफ़ है- जो उनका विरोध करेगा उसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। ऐसा लगता है कि शेख हसीना को उनका विरोध करने वाले और उनसे बेहतर नजर आने वाले बर्दाश्त नहीं होते। इसलिए विभिन्न संस्थाओं में हस्तक्षेप कर उन्हें इस प्रकार चलाया जा रहा है कि असहमति को कुचल दिया जाए। उन्होंने अपने राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्यवाही की है। वे किसी को भी नहीं बख्शतीं। यहां तक कि 2006 के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहमम्द यूनुस को भी नहीं, जिनके ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों से देश मज़बूत बना और आर्थिक, सामाजिक व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में उसकी स्थिति बेहतर हुई। हसीना अपने चुनावी भाषणों में यूनुस पर तीखे हमले कर रही हैं। उन्होंने युनुस को भ्रष्ट, गरीबों का खून चूसने वाला और राष्ट्र-विरोधी बताया है। कहा है कि वे बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का नियंत्रण स्थापित करने में मदद कर रहे हैं। इस बीच विपक्षी बीएनपी ङ्क बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ङ्क के 800 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। विपक्षी दल का दावा है कि सन् 2009 से लेकर अब तक उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 40 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। लगभग प्रतिदिन विपक्षी दलों के नेताओं, सदस्यों और समर्थकों को अदालतों में हाजिरी लगानी होती है। उन्हें अस्पष्ट आरोपों और झूठे सबूतों का सामना करना पड़ता है। ह्यूमन राईट्स वॉच ने इसे विपक्ष पर 'सुनियोजित हमला' बताया है। बीएनपी की एक रैली में उसके कार्यकर्ताओं को आंसू गैस और रबर की गोलियों का सामना करना पड़ा। शेख हसीना सत्ता पर अपना हक समझती हैं। उनका अरमान मरते दम तक गद्दी पर काबिज़ रहने का है। उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान, जो बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री थे, अपने प्राय: सभी नजदीकी रिश्तेदारों के साथ सन् 1975 में हुए सैन्य तख्तापलट में मारे गए थे। एक साक्षात्कार में जब हसीना से न्यायपालिका के जरिए विपक्ष को प्रताड़ित किए जाने के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे जो कर रही हैं 卐वह राजनीतिक नहीं है卐 ।यह कहते हुए उन्होंने अपने सहायक को भेजकर एक फोटो एलबम बुलवाया। इस एलबम में आगजनी, बम विस्फोटों और अन्य हिंसक घटनाओं में मारे गए लोगों की क्षत-विक्षत लाशों की भयावह तस्वीरें थीं। इन तस्वीरों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने उन्हें बीएनपी की निर्दयता का नमूना बताया। उन्होंने कहा, उनके (बीएनपी) साथ जो हो रहा है वह उनके पापों का नतीजा है।

## एक नजर

### माता-पिता और शिक्षकों के साथ मनाया शिक्षक दिवस



चारामा, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ।शिक्षक दिवस भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपतिए विद्वानए दार्शनिक व भारत रत्न से सम्मानित डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। दुनिया के प्रथम गुरु माता.पिता के उपस्थिति में शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के बच्चों ने डॉण्सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं अपने माता पिताए गुरुजनों का पूजा अर्चना कर श्रीफल एवं पेन. कॉपी भेंट किया। सभी बच्चों ने सामूहिक आरती लेकर गुरु वंदना किया। स्कूल बाल सांसद समिति प्रधानमंत्री रागिनी कांगे ने कार्यक्रम संचालन करते हुए स्कूल समय में सभी कक्षा का विषयवार बच्चों के द्वारा शिक्षक बनकर अपना अपना दायित्व निभाया। बच्चों ने भी शिक्षक बनकर आज के दिन को खूब एंजॉय किए।भाषणएगीत एवं कविता कार्यक्रम का प्रस्तुति दिया गया। माता. पिता ए सभी गुरुजन प्रधानपाठक सीताराम सलामए रामेश्वरी तारमए धर्मेन्द्र कुमार साहूए होमन ठाकुर एवं बच्चे शामिल रहे।

### कलेक्टर ने बैठक में राजनीतिक दलों को चुनाव तैयारी की जानकारी दी

सुकमा, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों की बैठक लेकर विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 हेतु चल रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ना, विलोपित करना एवं त्रुटिसुधार (संशोधन) इत्यादि कार्य अब 11 सितम्बर तक किया जाएगा। जिसमें नये मतदाताओं का नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। इसी तरह मतदाताओं की अनुपस्थिति एवं मृत्यु की स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ फॉर्म-7 भरवाया जाएगा। मतदाता सूची में मतदाताओं का लिंग, नाम, जन्मतिथि, पता आदि त्रुटि होने पर सुधार करवाने, एक ही विधानसभा के अन्तर्गत एक भाग से दूसरे भाग में नाम स्थानांतरण, एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में नाम स्थानांतरित करने, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित करने और ईपिक कार्ड गुम या खराब हो जाने पर नये ईपिक कार्ड हेतु फॉर्म-8 भरवाया जाएगा। मतदाता सूची में जनप्रतिनिधिगण सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच एवं गणमान्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अवश्य होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान में 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण होने वाले मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। नवविवाहित वधुओं का नाम मतदाता सूची में अवश्य हो इसका भी ध्यान रखने की बात कहीं है। उन्होने विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से इस कार्य में सहयोग करने के लिए विशेष आग्रह भी किया।

### कलेक्टर, एसपी ने ली आबकारी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

कांकेर 6 सितंबर। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज आबकारी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में शराब के अवैध विक्रय एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए निर्देशित किया । आबकारी उप निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सतर्क रहकर बिना डर के शराब के अवैध विक्रय पर कार्यवाही किया जावे। शराब के अवैध परिवहन के संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करने के लिए भी निर्देशित किया गया।जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, विक्रय, वितरण, परिवहन, शराब कोचियां एवं उनके सरगना, संग्रहणकर्ता तथा वितरणकर्ता की सूची तैयार कर उन पर निगरानी रखने के लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### बाजारों में कृष्णा के श्रृगांर के सामान खरीदने उमड़ी भक्तों की भीड़

# आज से लेकर कल तक जन्माष्टमी,मंदिरों में तैयारी पूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





दंतेवाड़ा 6 सितंबर। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिरों में जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिरों में सजावट से लेकर भगवान के झूले आदि को भव्य ढंग से सजाया जा रहा है। घरों में भी भक्त भगवान के जन्मोत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं गली मोहल्लों में युवाओं की टोली मटका फोड़ने की तैयारी में लगे हुए हैं। पर्व के मददेनजर बाजारों में सुबह से पूजा पाठ एवं श्रृंगार के सामान खरीदने लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

दंतेवाड़ा में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी प्रत्येक वर्ष बेहद ही धुमधाम से मनाये जाने की परंपरा रही है। जन्माष्टमी को लेकर कृष्ण भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार जन्माष्टमी तिथि को लेकर लोगों में थोड़ा कन्फयूजन की स्थिति बनी हुई है। पंडितों के अनुसार इस साल जन्माष्टी का पर्व 6 सितंबर व 7 सितंबर दोनों दिन ही मनाया जाएगा क्योंकि अष्टमी तिथि व रोहणी नक्षत्र आज शाम से शुरू होगा जो कल तक रहेगा इस लिहाज से भक्त अपनी अपनी श्रद्धानुसार दोनों दिन जन्माष्टमी का पर्व मना सकते हैं। स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर में जहां आज जन्माष्टी का कार्यक्रम आयोजित होगा वहीं बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में गुरूवार 7 सितंबर की शाम से जन्माष्टी का पर्व मनाया जाएगा। भक्त पूजा पाठ के सामान खरीदने बाजार पहुंच रहे हैं। श्रीकृष्ण लला को सजाने की परंपरा रही है लिहाजा भगवान के सजावट के सामान बाजारों में बिकने पहुंची है। ग्रामीण छिंद के पत्तों से कृष्ण की झुला तैयार कर बेच रहे हैं। जिसे बड़ी तादात में खरीदने लोग बाजार पहूंच रहे हैं। कृष्ण लला के जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बस स्टेण्ड स्थित हनुमानजी के मंदिर में भक्त प्रत्येक वर्ष कृष्ण जन्माष्टी पर भजन कीर्तन कर जन्माष्टी मनाते आए हैं। भगवान कृष्ण को झुले में रख झुलाया जाता है। जन्माष्टमी के मददेनजर हनुमान मंदिर को सजाया जा रहा है। मंदिर के अंदर व बाहर झालर लगाए जा रहे हैं। भगवान के झुले को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जन्माष्टमी के मौके पर यादव माधव राउत समाज द्वारा गीदम में कृष्ण लला की भव्य झांकी निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है। जगह जगह युवाओं की टोलियों द्वारा दही लूट स्पर्धा का आयोजन भी हर वर्ष होता रहा है। दही लूट स्पर्धा का आयोजन इस बार भी धुमधाम से करने की तैयारी में युवा लगे हुए हैं। बाजारों में बाल गोपाल भगवान श्रीकृष्ण को सजाने के लिए तरह तरह के वस्त्र मुकुट, मोरपंख, लडडू गोपाल की एक से एक आकर्षक मूर्ति तथा सजावटी सामानों को खरीदने बच्चों की भीड़ देखी जा रही है। विभिन्न स्कूलों में भी कई प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज किया जाएगा । छोटी छोटी बहनें कृष्ण व राधा का रूप लेकर आकर्षक प्रस्तुति पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

# भाजपा ने सरकार के विरोध में की नारेबाजी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 6 सितंबर। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश आह्वान पर जिला अध्यक्ष राजा पाण्डे के निर्देशानुसार प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी कार्यकारिणी सदस्य भोपेश नेताम के मार्गदर्शन भाजयूमो मंडल अध्यक्ष गोपाल कृष्ण साहूके नेतृत्व में आज नरहरपुर बाजार चौक में भाजपा एवं भाजयूमो के युवाओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरोध में जम कर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। हड़ताली स्वस्थ्य कर्मियो पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री के आदेश से जिला कलेक्टरों ने स्वास्थ्य कर्मियो को बर्खास्त के विरोध में आज भाजयूमो ने सड़को पर उतर कर प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजयूमो मंडल अध्यक्ष गोपाल कृष्ण साहू ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्वास्थ्य कर्मियो पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। हड़ताल कर मांग करने का हमारे देश मे सर्वाधानिक अधिकार है जिसके तहत स्वस्थ्य कर्मियो ने अपनी मांग करने के लिए हड़ताल पर है मगर प्रदेश की तानाशाही व भ्रष्ट सरकार उनके मांग मानने के बदले उनके आवाज दवाने बर्खास्तगी आदेश निकल कर उन स्वस्थ्य सेवको को डराने की कोशिश किया है। मीडिया के माध्यम से सभी स्वास्थ्य कर्मियो को आस्वस्थ कराता हु मुख्यमंत्री की इस तानाशाही आदेश से डरने की आवश्यकता नही है। विधानसभा चुनाव नजदीक है कॉंग्रेस को उनके किये का जवाब देते हुए भाजपा को चुने। भाजपा सरकार में आते ही बर्खस्त कर्मियो को बहाल करने भाजपा का प्रथम कार्य होगी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मण्डल के मण्डल अध्यक्ष मुकेश संचेती, प्रदेश युवा मोर्चा देश युवा मोर्चा कार्यकारण सदस्य भूपेश नेताम, युवा मोर्चा जिला मंत्री योगेश सोनबंशी, जिला जुग्गी झोपड़ी सह संयोजक निरंजन सिन्हा महामंत्री तरुण निषाद,गगन कौशिक, भाजपा मण्डल महामंत्री धनेश कौशिक,भाजपा मण्डल मीडिया प्रभारी भीमराज स्वर्ण, भुवन सुरोजियां ,कौशल नेताम भूपेंद्र दर्रो ,प्रदीप साहू, पंकज जैन, समीर गोटा ,सुरोजिया रूपेश, साहू सहित भाजपा मण्डल एवम युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

कांकेर, 6 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक लगभग 65 हजार 918 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 29 हजार 220 आवेदन, नाम विलोपित करवाने हेतु 20 हजार 622 आवेदन और संशोधन के लिए 16 हजार 76 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है तथा मृत अथवा स्थायी रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित भी की जा रही है।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने किया हलषष्ठी पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा 6 सितंबर। मंगलवार को हलषष्ठी के पावन अवसर पर नगर की महिलाओं ने संतान प्राप्ति तथा संतान की दीर्घायु होने की कामना करते हुए हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की। नगर के अलग अलग मोहल्लों में महिलाओं ने सामुहिक रूप से सगरी कुण्ड बनाकर विधि विधान से हलषठी की पूजा की।

हलषष्ठी पर्व भाद्रपद की षष्ठी को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाउ का जन्म हुआ था। व्रत के प्रभाव से ही बलदाऊ और श्रीकृष्ण कंस पर विजय प्राप्त करने में सफल हुए थे। इस दिन सुहागन महिलाएं अपने संतानों की सलामती व उनके दीर्घायु के लिये व्रत रख पूजा-पाठ करती हैं। मंगलवार को नगर में हल षष्ठी का त्यौहार बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया गया। माताओं ने व्रत रखकर पूजन किया. संतान की दीर्घायु के लिए किए जाने वाले इस पूजन को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला. इस मौके पर महिलाओं ने अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से सगरी कुण्ड (छोटा सा तालाब)की स्थापना की। कुण्ड के चारों ओर पलाश के पत्तों, घास कुश, फल फूलों से सजाया गया। कमरछठ माई को कांस के फूल, महुआ, महुआ पत्ते से बना दोना में रखकर सात प्रकार की भाजी, पसहर चावल अर्पित की गई। पूजन में महुआ, चना, धान लाई, गुड, टसर, फूल, बागची फूल सेब, केला आदि सामाग्रियां चढ़ाई गई। जिसके बाद देवगण को पसहर चावल के अक्षत व भैंस के दूध से निर्मित दही व घी समेत अन्य सामग्रियों का अर्पण किया गया साथ ही पसहर चावल का ही भोग लगाया गया। हलषष्ठी के अवसर पर हलषष्ठी माता की कथा भी सुनी गई। कैलाशनगर, जीएडी कालोनी, हुडको कालोनी, आंवराभाटा, मंदिरपारा, नारायण मंदिरपारा, पुलिस लाइन कारली समेत कई जगहों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से हलषष्ठी व्रत कथा का विधिवत पाठ व श्रवण भी किया. व्रतधारियों ने जल कुण्ड का जल अर्पित कर अपनी संतान की दीर्घायु होने की कामना करते हुए कुण्ड की परिक्रमा की. इसके बाद शाम के वक्त पसहर चावल से तैयार प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारायण किया।

## समाचार संक्षेप

### स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र कार्य मे लाएं प्रगति:कलेक्टर



सुकमा, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने समय-सीमा की बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए गौठानवार गोबर खरीदी की मात्रा, भुगतान एवं स्वावलंबी गौठानों में संचालित मल्टीएक्टीविटी की जानकारी ली और गौठानों में अधिक से अधिक गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली तथा डेंगू व मौसमी बीमारियों के मरीजों का चिन्हांकन कर उनका इलाज करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने आयुष्मान कार्ड के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर, शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां करें सुनिश्चित -कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा बलो के रहने हेतु चिन्हांकित स्थलों की जानकारी ली। साथ ही पोलिंग स्टेशनों के लिए चिन्हांकित भवनों में बिजली, रैंप जैसे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, मतदान दिवस पर होने वाले वेबकास्टिंग हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में लाए तेजी-कलेक्टर ने राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के जाति-निवासी प्रमाण पत्र शीघ्र बनाएं। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि शेष बचे हुए आवेदन फॉर्म को एकत्रित करके अपलोड करने प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा पेंशन शिविर निदान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को सात दिनों के भीतर निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की योजनाओं का डीबीटी के माध्यम से लाभ लेने के लिए पात्र हितग्रहियो के खाता होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी और पीडीएस भवन के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने के साथ ही कांजीपानी में आंगनवाड़ी भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की समीक्षा कर, डीडी कलेक्शन करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों के ई केवाईसी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में तेजी लाने और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत लंबित संबंधित हितग्राहियों का खाता सत्यापन करने को कहा।

### बाल संरक्षण समिति एवं सखी संचालन समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न



सुकमा, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हरिस एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति एवं सखी संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्री जितेन्द्र जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य), बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बस्तर सेवक मण्डल, जिला टास्क फोर्स,गुमशुदा,जेल निरीक्षण,बाल गृह निरिक्षण,विशेष प्रकरण, दत्तक ग्रहण, शिशु पालना केंद्र,ग्राम पंचायत, विकासखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति, जागरूकता कार्यक्रम,यजना का प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में तथा केंद्र प्रसासक सुश्री डालिमा गौर द्वारा सखी सेंटर में दर्ज प्रकरण एवं भवन निर्माण के संबंध में अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने विभिन्न ईकाइयों में दर्ज प्रकरण, उनके निराकरण और लंबित प्रकरणों की समीक्षा विस्तार से की। कलेक्टर श्री हरिस एस ने बाल अधिकार संरक्षण से वंचित बच्चों के सुरक्षा सहायता एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के मामलों में त्वरीत कार्यवाही करने कहा। समिति की सक्रीयता एवं जागरूकता से बच्चों एवं महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा, शोषण एवं उनके अधिकारों का हनन होने से पहले रोका जा सकता है और समुदायों में उनके अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों में बालको के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रख कर निर्णय लिया जावे, बालको को योजना अंतर्गत लाभों एवं अन्य शासकीय योजनाओ से जोड़ने हेतु सर्व सम्बंधित विभागों से समन्वय करने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न जिलो की संस्थाओ में निवासरत बालको का समय समय में फलोअप किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा, व्यवाहारिक संवेदना और परस्पर मार्गदर्शन बालको को प्रदाय किया जाए। सभी बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा के साथ ही समय समय पर उनका आंकलन करने, कैरियर काउंसलिंग उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### आयुष्मान भारत वेलनेस सेन्टर में चिकित्सा शिविर आयोजित




सुकमा, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुकमा के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वितीय वाहिनी के कमाण्डेट रतिकान्त बेहेरा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में आज 02 समवाय के गोरगुण्डा के रेंगापारा गाँव स्थित आयुष्मान भारत वेलनेस सेन्टर पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह मुफ्त चिकित्सा कैंप द्वितीय वाहिनी के मेडीकल टीम द्वारा लगाया गया। जिसके तहत देवरपल्ली, गोरगुण्डा, रेंगापारा, पुनेमपारा, बंजारापारा व तोयापारा के ग्रामीणों के स्वास्थ की जाँच की गयी । जिसमे वायरल बुखार, सर्दी, खाँसी, मलेरिया से सम्बंधित दवाओं का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त मल्टीविटामिन डायजेस्टिव एन्जाइम व आयरन से सम्बंधित दवाओं व टॉनिक का भी वितरण किया गया। इस चिकित्सा कैंप का ग्रामीणों ने बहुत तारीफ किया व लाभ उठाया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कमाण्डेट रतिकान्त बेहेरा ने बताया कि द्वितीय वाहिनी सेवा भाव की भावना के तहत इस प्रकार का चिकित्सा कैंप का आयोजन करती रहती हैं व आगे भी करती रहेगी। जब कभी भी आपको हमारी सेवा की जरूरत होगी हम सदैव आपकी मदद के लिये खडे मिलेंगे। इस दौरान ग्रामीणजनों को अल्पाहार भी कराया गया व खाद्य पैकेट्स वितरित किये गये। इस अवसर पर अश्वनी कुमार सिंह (सहा. कमा.) सरपंच गोरगुण्डा पत्रकार बंधु इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल दिखा व सबने इस हेतु वाहिनी की प्रशंसा की। इस अवसर पर कमाण्डेट ने ग्रामीणों को स्वास्थ के प्रति सचेत रहने मलेरिया से बचाव करने व शुद्ध जल का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी। साथ ही साथ अपने अगल बगल अपने घर गाँव व सार्वजनिक स्थानों को भी साफ सुथरा रखने हेतु बताया। इस दौरान कुल 72 ग्रामीणों के स्वास्थ की जाँच की गयी व दवाओं का वितरण किया गया।

# शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 6 सितंबर। शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जेपरा में शिक्षक दिवस मनाया गया एवं शिक्षकों को किया गया सम्मानित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीला दास दुबे जनभागीदारी अध्यक्ष थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देव ध्रुव रामकुमार रायस्त, गोविंद मांडवी मनोहर लाल साबे, देवेश कुमार निर्मलकर, देवेंद्र साहब पंकज सिंह का जिनका संस्था की ओर से सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया इस अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और शिक्षकों के प्रति उनके मन के आधार भाव को स्पष्ट करते हुए संस्था प्रमुख शेख सज्जाद खान ने बताया की डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्टपति और द्वितीय राष्टपति रहे, वे भारतीय सांस्कृतिक के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक और और एक आस्थावान हिंदू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था इस मौके पर विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को गुलदस्ता भेंट एवं श्रीफल गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख शेख सज्जाद खान,बलराम जुर्री, भोज कुमार नेताम,दिलीप ठाकुर, दिलीप साहू, रामेश्वर टांडिया के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं आदि शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# लखमा कितनी बार सिलगेर कांड के प्रभावित लोगों से मिलने धरना स्थल गए?

मनीष कुंजाम



सुकमा, 6 सितंबर। पोलावरम को लेकर निष्क्रियता का आरोप लगाने से पहले इतिहास की ओर चले जाते। वैसे मंत्री पुत्र हरीश कवासी का जब जन्म भी नही हुआ था तब से श्री मनीष कुंजाम राजनीति कर रहे है। हमारा सवाल मंत्री कवासी लखमा से है कि कितनी बार सिलगेर कांड से प्रभावित लोगो को दर्द जानने धरना स्थल व उनकेग्राम तक गये थे। आज जब कोन्टा ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्र में लंबे चौड़े काफिले के साथ घुम रहे है इससे पहले इस क्षेत्र मे कितनी बार मंत्री लखमाआदिवासियों का दर्द बांटने गये थे, जब विधायक थे कवासी लखमा तब कुछ मंत्रो पर जरूर पोलावरम के बारे में अनाप शनाप बोलते रहे होंगे लेकिन मंत्री बनने के बाद उनकी जुबान को ताला क्यों लग गया। 2018 के चुनाव के समय इन्होने वादा किया था कि जेल में नक्सल मामलों में बंद आदिवासियों को रिहा करायेंगे, अब तक कितने आदिवासियों को उन्होने रिहा कराया उसकी सुचीसार्वजनिक करे। जेल तोड़ कर आदिवासियों को न्याय दिलाने की बात कहने वाले आज कहां गये। जिला निर्माण सहित अन्य कार्यो मे बाप बेटा का 10 से 20 फीसदी कमीशन, भाषणों मे खुद का पाक साफ कहते फिरते है तो फिर सुकमा मे करोड़ो रूपये काआलीशान बंगला व करोड़ो की भूमि खुद व कई कांग्रेस के पदाधिकारियों के नाम से खरीदी गई है उसका भी जवाब जनता चुनाव में मांगेगी। कोन्टा ब्लांक में तेंदूपत्ता मे करोड़ो रूपयों का मुआवजा व मजदूरी आज भी बाकी है इस पर क्यों खामोश है। भाषणों मे तो बहुत बोलते है मंत्री जी की जो भी गलत करेगा उस पर कार्यवाही होगी। कही इस खेल मे मंत्री तो शामिल नही है। जगदलपुर से सुकमा तक एनएच 30 का खस्ताहाल व जर्जर अवस्था में है इस पर क्यों खामोश है मंत्री कवासी लखमा इसका जवाब भी दे। जिला निर्माण में करोड़ो रूपये का घोटाला हुआ है, जगरगुण्डा, दुब्बाटोटा सहित ऐसे कई कार्य है जो हुए ही नही और राशि कांग्रेसियों के द्वारा निकाल ली गई। इस पर क्यों चुप्पी साधे बैठे है मंत्री व मंत्री पुत्र कवासी हरीश लखमा।पोलावरम् बॉध से बाढ़ प्रभावात पीडित लोगो की न्याय के लिए सीपीआई ने सैकडों मोटरसाईकिल रैली के माध्यम से वर्तमान कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक व मंत्री को चेताने के लिए सुकमा से कोन्टा तक यात्रा से डर कर मंत्री पुत्र हरीश कवासी ने अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सीपीआई को राजनीतिक प्रोपेगेंडा बोलने कि कोशिश कर रहा है, हमारा सवाल है कि पोलावरम् डेम जब चालू हुआ तब से प्रभावित होने की अंदेशा से लोग विरोध करने लगे तब भी लखमा विधायक रहे, और गुम गुम कर सभाओ मे भाषण दे रहे थे कि जब तक मै हुं तब तक पोलावरम् बनने नही दुंगा कोन्टा के लोगो को प्रभावित होने नही दूगां करके लोगो के साथ राजनीतिक खेल रहे खेल रहे थे, ये क्या राजनीतिक नही था? अब तो पोलावरम बन गया है क्यों छुप है, अब तो सरकार मे है लखमा मंत्री भी है इसका जिम्मेदार क्या मंत्री कवासी लखमा को नही है क्यों छुप बैठे है, सच यही है कि लखमा केवल लोगो को अब तक राजनीतिक जाल मे फंसा कर वोट कि राजनीति करते रहे और कर है। लखमा को भी याद है पोलावरम डेम तत्कालीन केन्द्र की काग्रेस सरकार ने ही चालू किया था। इन्होने कोई कानूनी लडाई लडने का सोचा ही नही, जब इस मुद्दे को लेकर सीपीआई ने प्रभावित लोगो के साथ चर्चा कर कोर्ट मे पीआईएल लगाने कि तैयारी कर रहा था तब ये ही लखमा कल्लूरी साथ लेकर न जाने क्या क्या आरोप लगाकर कमजोर करने का प्रयास किया उनको अच्छा से याद है, बल्कि साथ देना छोड़ खिलाफ करने मे लगे थे। सीपीआई मनीष कुंजाम के नेतृत्व मे हमेशा जनता के परेशानियो के खिलाफ लडा है लड रहा है , हरीश कवासी को बताना चाहता हुं किस राजनीति की बात कर रहे हो, सलवा जुडूम जनता के साथ अन्याय था तब सीपीआई सड़क से लेकर कोर्ट तक लडा, तब भी विधायक कवासी लखमा थे, क्यो कोर्ट नही गये?जनता गवाह है लखमा किया बोला क्या किया इसका जवाब जनता के पास है ये है आक्रोश शुक्रवार की मोटरसाईकिल यात्रा का हुंकार दिखा। इसका डर मंत्री लखमा व उनके पुत्र हरीश कवासी को डर मंडरा रहा है। अपनी नाकामियों से बचने के लिए बयान बाजी करने की कोशिश कर रहे है।

## पुरस्कार समारोह का आयोजन आडिटोरियम में किया गया

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 सितम्बर।** 5 सितंबर को देश के प्रथम उपराष्टपति स्वर्गीय श्री सर्वपल्लीय राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों के समाज में अतुलनीय योगदान होता है जिसे इस दिवस को विशेष रूप से शिक्षको को सम्मानित करने विविध कार्यक्रम आयोजित होते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सहित विभिन्न पुरूस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में जिला स्तर कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर स्थित आडिटोरियम में आयोजित हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने जिले के 12 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ÷शिक्षादूत÷ पुरूस्कार 2023 से सम्मानित किया। जिसमे भोपालपटनम ब्लाक के 03 प्रधान पाठक, बीजापुर ब्लाक के 03, भैरमगढ़ एवं उसूर ब्लाक के 3-3 प्रधान पाठकों एवं सहायक शिक्षको को प्रदान किया गया। इस पुरूस्कार के साथ 5 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी तरह 03 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ÷ज्ञानदीप÷ पुरूस्कार 2023 प्रदान किया जिसमे सात हजार रूपए, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी ब्लाकों के 9 शिक्षको, प्रधान पाठको को विशेष पुरूस्कार के रूप में नगद पुरूस्कार, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बीजापुर की भौगोलिक स्थिति विषम है। नदी-नाला, पहाड़, पर्वत और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों मे होने के बावजूद अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चो को शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़कर समाज की मुख्यधारा मे लाने का बेहतर प्रयास कर रहे है। यहां के शिक्षको की कई विषम परिस्थिति और संसाधनो के अभाव का भी सामना करना पड़ता है। फिर भी अपने ज्ञान दान देने का कर्तव्य निरंतर कर रहे है जो काफी प्रशंसनीय है। जिले के अति सुदूर क्षेत्रों के लगभग दो सो स्कूलों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने बंद स्कूलों को पुनः खोला गया है। जिसमें जिले के 7 हजार से अधिक नौनिहाल शिक्षा के मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जिसे हमारे शिक्षादूतों के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। आज बीजापुर शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रहा है और भविष्य मे शिक्षा के क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित करेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानपूर्वक बधाई एवं शुभकामनाएं दी कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा किसी भी सभ्य समाज का रीढ़ है। शिक्षा से सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास मे मेरी सबसे पहली प्राथमिकता शिक्षा है। इसे लेकर हम कार्य कर रहे है और हमे सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं सभी बच्चो में प्रतिभाएं छिपी होती है जिसे शिक्षक उन्हे सही राह दिखाता है, मार्गदर्शन देता है तब बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे अपने परिवार समाज और देश का नाम रौशन करता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, उपाध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम सल्लूर, जिला पंचायत सीईओ श्री रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं प्राचार्य एवं प्रधान पाठकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### रागी मिलेट से कृषक डोंगर सिंह और विजयशंकर हुए समृद्ध



**महासमुंद।** यह वर्ष लघु धान्य मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिले को गत वर्ष 1500 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया था। विभाग के प्रयास से जिले के पिथौरा, बसना विकासखण्ड में लघु धान्य मिलेट बड़े पैमाने पर लगाए गए। बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भंवरपुर में 100 एकड़ क्षेत्र में 33 किसानों ने रागी फसल का उत्पादन कर लाभ अर्जित किया था। कृषि विभाग द्वारा किसानों को दी गई समझाइश और मुफ्त बीज वितरण से प्रभावित होकर पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम फरौदा के कृषक डोंगर सिह चक्रधारी ने रबी फसल वर्ष 2022-23 में 0.40 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफतार) अन्तर्गत रागी बीज किस्म वीएव मड़िया-376 प्राप्त कर अपने खेत में लगाया था। योजनांतर्गत उन्हें 6 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से बीज एवं इनपुट सामग्री के रूप में अनुदान प्राप्त हुआ। जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और लाभ भी मिला।

### योग भवन में 7 को जन्माष्टमी व 8 को शिवानंद जयंती समारोह

**महासमुन्द।** स्थानीय दिव्य जीवन संघ द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 07 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं 08 सितम्बर को स्वामी शिवानंद सरस्वती जयंती समारोह मनाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें 07 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी में प्रातः 6ः00 बजे से ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन एवं संध्या 6 बजे से 9 बजे तक भजन संध्या व बच्चों की झांकी रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक ? नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन 12 बजे रात्रि श्री कृष्ण जन्म पर पूजन आरती पश्चात समापन ।

इसी प्रकार 8 सितम्बर को स्वामी शिवानंद सरस्वती जयंती समारोह पर प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक पादुका पूजन, संध्या 5 बजे से हरिनाम संकीर्तन हरे राम, हरे राम, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, संध्या 6 बजे भजन कीर्तन एवं स्वामी शिवानंद जी की जीवनी का चर्चा, रात्रि 8ः30 बजे आरती प्रसाद वितरण होगा। दोनों कार्यक्रम शिवानंद कुटीर योग आश्रम डोंगरगढ़ के स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चन्द्राकर ने नगरवासियों से सपरिवार एवं इष्ट मित्रों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# कसेर समाज के सामुदायिक भवन भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक धनेंद्र साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवापारा राजिम।** नगर के मध्य में वार्ड क्रमांक 14 स्थित कंसारी समाज का गौरव श्री सत्यनारायण मंदिर के सभा भवन में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री धनेंद्र साहू तीस लाख रु की लागत से बन रहे कसेर समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री साहू के साथ पालिकाध्यक्ष श्री धनराज मध्यानी, चतुर जगत उपाध्यक्ष नगर पालिका, सौरभ शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सरदार जीत सिंह पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, राजा चावला महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सभापति संध्या राव , अजय कोचर, अजय साहू , मंगराज सोनकर, हेमंत साहनी,एल्डरमैन रामा यादव , शाहिद रजा, मेघनाथ साहू, स्वर्णजीत कौर, पार्षद अजय खरे साथ थे। नगर कंसारी समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी व सचिव कलीदान कंसारी के नेतृत्व में विधायक श्री साहू का आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात धनेंद्र साहू ने भगवान श्री सत्यनारायण की विधि वत पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।कंसारी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर उपस्थित



मुख्य अतिथि विधायक श्री धनेंद्र साहू ने समाज को इस बात का विश्वास दिलाया कि आप सभी के सहयोग से लगातार हमें अभनपुर विधानसभा में काम करने का अवसर मिला है। क्षेत्र के सबसे बड़े व्यापारिक नगर गोबरा नवापारा में भी नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों में आम जनता की मांगों को ध्यान में रखते हुए लगातार नगर पालिका अध्यक्ष एवं समस्त पार्षद गण विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृति पर नवापारा के कंसारी समाज ने क्षेत्र के विधायक श्री धनेंद्र साहू का हृदय से आभार व्यक्त किया है।कहा कि विधायक धनेन्द्र सभी समाज को लेकर चलते हैं। हर समाज के प्रति उनकी आस्था हैं।सामाजिक जनों ने कहा हमारे समाज की यह लंबित मांग थी जिसे विधायक महोदय ने स्वीकृति प्रदान की इसके लिए हम सभी समाजिकजन विधायक श्री धनेन्द्र साहू व पालिका अध्यक्ष श्री धनराज मध्यानी का सदैव आभारी रहेंगे। उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर कंसारी समाज के संरक्षक मुन्ना साव दशरथ लाल कंसारी, नंद कुमार कंसारी अशोक भारद्वाज, रमेश कंसारी, रामा साव ,मंदिर कमेटी के संरक्षक राजकुमार कंसारी, सचिव बलराम सरस,उदयराम कंसारी, बबला सरस राजू कंसारी, तुकाराम कंसारी गणेश कंसारी, युवा संगठन से तरुण कंसारी ,गोविन्दा कंसारी , महिला संगठन अध्यक्ष संतोष कंसारी, सलाहकार पदमा कंसारी, विमला कंसारी, हीरा कंसारी ,माया सारस, बिलासनी सारस, गंगा कंसारी, गायत्री कंसारी, सुमित्रा कसारी सहित काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। इनके साथ ही गोपेश ध्रुव मंडी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, उपाध्यक्ष राकेश सोनकर,निर्माण यादव, राम कुमार शर्मा ,सुनील जैन,पूर्व विधायक प्रतिनिधि विमल डागा, अशोक गोलछा, संतोष विश्वास, शेखर बाफना, सुशील बोथरा, राजीव भंसाली, रमेश नागवानी, मितेश शाह, सत्तार भाई ,अहमद रिजवी,सुनील शर्मा, राम कुमार शर्मा,अजय गाड़ा, विक्की साहू, विक्रम कहार, तरुण कंसारी , गोल्डी पारख,अर्जुन साहू, फागू देवांगन, भोला साहू, रामरतन निषाद, माखन निषाद, टिकेश गिलहरे, प्रतीक साहू, युवा पत्रकार ,कांग्रेस कार्यकर्ता कृष्णा मेश्राम,विजय तारक सहित सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों का प्रि टेस्ट परीक्षा को

**गरियाबंद, 6 सितंबर।** युवा कैरियर निर्माण योजनांतर्गत प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 10 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 12 से 02 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग, रायपुर में किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया की अभ्यर्थियों को विभागीय वेबसाईट

से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यप्रति फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र पर लाना अनिवार्य होगा।

## समाचार संक्षेप

### डबरी बनी आजीविका का जरिया





**बीजापुर 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी नरेगा योजना में बनी डबरी अब क्षेत्र के किसानों के लिए आजीविका का जरिया बन गई है। इस डबरी में संग्रहित वर्षा जल से किसान धान की फसल के अलावा साग-सब्जी उत्पादन और मछली पालन कर अतिरिक्त आय के स्त्रोत बना रहे हैं। जिले के भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत वाडला के दो किसान क्रमशः आत्रम कन्हैया और गुण्डम सु ब्बैया डबरी के पानी का उपयोग अपने खेतों में कर और डबरी में मछली बीज डालकर साथ ही सब्जी उत्पादन कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं, इस तरह डबरी इनकी आजीविका का जरिया बन गया हैं। जो क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा है।हितग्राही आत्रम कन्हैया ने बताया कि वो निरंतर 2 वर्षो से 4 एकड़ में धान की फसल से 1 लाख से अधिक एवं डबरी में मछली पालन से 70 हजार और सब्जी उत्पादन से लगभग 20-30 हजार के की कमाई कर रहे हैं। हितग्राही गुण्डम स ब्बैया ने बताया कि वो निरंतर 2 वर्षो से 3 एकड़ में धान की फसल से 1 लाख एवं डबरी में मछली पालन से 80 हजार की कमाई कर रहे हैं।

### रोहन तलांडी ने रशिया से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की

**बीजापुर 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



भोपालपट्नम के पास वरदली ग्राम पंचायत निवासी रोहन तलांडी पिता स्व. बोरैया तलांडी ने रशिया से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर समाज और परिवार का नाम रौशन किया है। रोहन की प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शिक्षा भोपालपट्नम में हुई और हायर सेंकेंडरी जवाहर नवोदय विद्यालय में हुई। उसके बाद रोहन तलांड़ी के पिता ने रोहन को एमबीबीएस के लिए रूस के रशिया यूनिवर्सिटी भेजा। जहां पांच वर्षो तक सघन अध्ययन कर गौरवशाली उपलब्धि हासिल की। रोहन की इस उपलब्धि पर गृहग्राम वरदली और तहसील के आदिवासी समाज में हर्ष की लहर है। नागरिकों ने रोहन के उज्वल भविष्य की कामना की है। रोहन को बधाई देने वालों में गौतम कामेश्वर, अशोक तलांडी, अलवा मदनैया, डा. बीआर पुजारी, शैलेश केतारप जज एवं शांता तलांड़ी ने बधाई दी है।

### शिशु संस्कार केन्द्र में मनाया गया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केन्द्र उमाशा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को समिति की ओर से बधाई पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शरद जैन, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी एवं सहसचिव मनोहर महंती एवं शाला के प्राचार्य समीर चैधरी एवं प्रधानाचार्या नैना श्रीवास्तव, उपप्राचार्य चंद्रकांता ठाकुर, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधनाचार्य गुरूप्रीत कौर एवं समस्त शाला स्टाफ उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा शिक्षकों के प्रणेता डाँ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव शरद जैन ने शिक्षक शिक्षिकाओं बधाई दी और शिक्षकों के सम्मान में गीत समर्पित किया। प्रबंधक मनोहर महंती द्वारा काव्य पंक्तियों द्वारा बधाई दी गई एवं श्रीफल तथा तिलक लगाकर शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह शिक्षक सम्मान समारोह शिशु कल्याण शिक्षा समिति शाला परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। इस शिक्षक दिवस पर शाला के माध्यमिक एवं हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक नृत्य एवं संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षकों को सम्मान किया गया। शाला के प्राचार्य समीर चैधरी द्वारा एवं वरिष्ठ शिक्षिका नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी, डीपी साहू, सुनीता वानी, सुनीता चंद्राकर, राजेश्वरी गुप्ता, संगीता सेन एवं संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गुरूप्रीत कौर द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में शाला नायक सुजीत शाह एवं शाला नायिका स्नेहा बंजारे एवं छात्र संघ के पदाधिकारियों के सहयोग से कार्यक्रम को सफलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन भावना गांधी एवं प्रबंधक मनोहर महान्ती ने आभार व्यक्त किया।

### प्रशिक्षक चयन के लिए साक्षात्कार 8 सितम्बर को

**रायगढ़, 6 सितम्बर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई )भोपाल म.प्र.द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त खेलो इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु 01 प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 8 सितम्बर 2023 को दोपहर 1 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त उपलब्धि प्रमाण-पत्र सहित उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

# सेंट जेवियर्स प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने किया पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 6 सितंबर।** सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मे शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चो के साथ शिक्षको ने भी पौधारोपण कर पौधो के सरंक्षण को लेकर संकल्प लिया। शिक्षक दिवस के दिन शिक्षको द्वारा स्कूली बच्चो के साथ इसे अलग रूप से मनाते हुये दर्जनो फलदार व छायादार पौधे स्कूल परिसर मे रोपण कर ट्री गार्ड लगाते हुये पौधो को सुरक्षित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज स्कूल मे विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था,जिसमे सभी बच्चे,शिक्षक-शिक्षिकायें व अन्य लोग उपस्थित हुये थे। उक्त प्रार्थना सभा मे विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने परमात्मा और



सृष्टिकर्ता से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ के लिए मंगलकामनायें मांगी। प्रार्थना सभा में शिक्षाविद,सेवानिवृत्त प्राचार्य फा.पी.खलखो ने बच्चे,शिक्षक-शिक्षिकाओ को गुरू की महिमा और उनकी गरिमा के विषय मे समझाया। भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुये उनके छायाचित्र पर सभी ने माल्यार्पण किया। माल्यार्पण पश्चात स्कूली बच्चो द्वारा अपने शिक्षक शिक्षिकाओ का सम्मान करते हुये विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गयी। स्कूल के प्राचार्य फा.अनुप ने कहा कि शिक्षक का हर मानव के जीवन में एक विशेष स्थान होता है,यह शिक्षक ही है,जो किसी मनुष्य को इंसान बनाता है। शिक्षक का स्थान मानव जीवन में भगवान और माता-पिता से भी ऊपर है,यही वजह है कि शिक्षक के बारे में जितना भी कहा जाए कम ही है।।

# शासन ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति, खान-पान, रीति-रिवाज एवं खेलकूद से राज्य को दी नई पहचान:प्रकाश नायक

**रायगढ़, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का जिला स्तरीय आयोजन आज रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में किया गया। जिसमें विकासखण्ड एवं नगरीय कलस्टर स्तर के विभिन्न आयु वर्गों के विजेता खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपना हुनर दिखाया। जिनका जोश और उत्साह देखते ही बना।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री प्रकाश नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद आज छत्तीसगढ़िया होने का अनुभव हो रहा हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़िया संस्कृति, रीति-



रिवाज, खान-पान के साथ ही पारम्परिक खेलों को भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से संजोने का कार्य किया है। जिसे लोग भूलते जा रहे थे, लेकिन आज वहीं खेलों को लोग बड़े उत्साह और जोश के साथ खेल रहे हैं। शासन पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही उसका लाभ भी प्रदान कर रही हैं। शासन सभी वर्गो को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन कर सभी को लाभान्वित कर रही हैं। जिस प्रकार किसानों के लिए धान का समर्थन मूल्य एवं खरीदी सीमा में बढ़ोतरी, महिलाओं के लिए गोठान संचालन, इसी प्रकार गांव के युवाओं के लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना का संचालन कर रही हैं।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 6 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने 06 सितंबर को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर आगामी 07 सितंबर को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में होने वाली भारत जोड़ो पद यात्रा की जानकारी दी है। इस दौरान भारत जोड़ो पद यात्रा के ज़िला प्रभारी एवं बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा की 07 सितंबर को वर्षगांठ मनायेंगे। देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी। जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे है तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता



और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये भारत जोडो यात्रा का यही उद्देश्य था ।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पिछ्ले साल 7 सितंबर 2022 को हमारे नेता राहुल गांधी जी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। 4,081 किलामीटर, 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। लाखों लोग प्रेम और एकता के साथ धर्म, समुदाय, जाति आदि की परवाह किए बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल जी की अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे। उनकी यह विचारशील पहल समय की मांग थी, जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी। विशेष रूप से यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम, कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी । विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम थी। जिन राज्यों से यह यात्रा गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, किसानों की बदहाली जैसे मुद्दो पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को पूरा समर्थन दिया। लोग राहुल गांधी से मिलने के लिये उतावले रहते थे। हजारो लोग पैदल चलते तथा रास्ते में, घरों की छत पर खड़े होकर स्वागत करने को तत्पर रहते थे। यह राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के प्यार और समर्पण की अभिव्यक्ति थी । भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, देशभर में राहुल जी ने 100 से अधिक बैठक समूह बातचीत, 275 योजनाबद्ध पैदल बातचीत, 100 छोटी सभाएं, 13 विशाल सार्वजनिक सभाएं, 12 प्रेस कांफ्रेंस और अनगिनत आम बैठकों के माध्यम से हमारे करोड़ों साथी देशवासियों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान और साझा किया था। यात्रा ने देश के ज्वलंत मुद्दों को संबोधित किया, जिनमें कमरतोड़ महंगाई, अभूतपूर्व बेरोजगारी, भाईचारा, विभाजनकारी राजनीति, चीनी आक्रमकता से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा शामिल है। भारत के विचार को बचाने के लिए राहुल जी का धैर्य और दृढ़ संकल्प भाजपा को बेचैन कर रहा है और लोकतंत्र की भावना को बहाल कर रहा है। हमारा दृढ़ विश्वास है। कि यात्रा का यह प्रभाव आगामी सभी राज्य स्तरीय और केंद्र चुनावों पर अपना प्रभाव दिखाना जारी रखेगा और हमारी सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के गौरव को बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।राहुल गांधी जी ने भारत जोडो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया है। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जनजागरण पैदा किया। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत के जनमन में रच बस गयी है। सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा से देश के लोगो मे उम्मीद की नई किरण पैदा हुई है। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सदभावना के नये बीज बोते चल रहे थे। देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ लिया था। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए है। देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटने टेकने को विवश हुए है। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है।देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है।

एक नजर

### पलारी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अभिषेक सिंह एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 05.09.2023 को थाना पलारी प्रधान आरक्षक रोहित सिंह एवं आरक्षक राममोहन राय की पुलिस टीम द्वारा ग्राम वटगन निवासी एक शातिर शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- तोरण लाल तथा गजरतन बंजारे उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी।

### कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार,6 सितंबर ।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा के तहत विभागीय कार्यों की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कसडोल क्षेत्र के ग्राम गबौद एवं उसके आसपास के ग्रामीणों द्वारा जनचौपाल में अवैध शराब विक्रय पर मिले आवेदनों पर गंभीर चिंता व्यक्त करतें हुए आबकारी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिले में कही भी अवैध शराब की विक्रय बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने विभाग के कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनें के निर्देश दिए है। साथ ही ऐसे प्रकरणों में जब्त गाड़ियों को शीघ्र ही राजसात करने की कार्रवाई करनें कहा है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में 14 से 17 सितंबर तक कसडोल नगर में राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें रग्बी,गतका एवं फेसिंग के प्रदेश भर के लगभग 700 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। कलेक्टर ने आयोजन को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए की आवास से लेकर परिवहन सहित अन्य व्यवस्था समय सीमा के भीतर में करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर चंदन कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुवे स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कुमार ने चुनाव संबंधी कार्यों तथा स्वीप गतिविधियों की जानकारी लेते हुवे जिले में दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, बुजुर्ग, महिला मतदाताओं सहित 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित और जागरूक करने कहा। कलेक्टर ने जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाने के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी समस्त कार्य, मतदान केंद्रों की संपूर्ण व्यवस्था, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन के वैधानिक दायित्व का निर्वहन, नामनिर्देशन, मतदान सामग्री प्रभारी, मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करना, मतदान दल एवं मतगणना दल का गठन सहित चुनाव संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# ग्राम दशरमा पंचायत भवन में लगा रहता है ताला

## महिला सरपंच के पति अंगद यदु संभालते है बागडोर , सचिव,सरपंच की कार्यप्रणाली से ग्रामीण परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 6 सितंबर।** जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी के ग्राम पंचायत दशरमा मे सचिव/सरपंच की निष्क्रियता से नहीं हो रहा गांव में ठोस विकास कार्य, ग्राम पंचायत में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों में विधि-विरुध्द कार्य हुए है जो भ्रष्टाचार को चरम सीमा तक पहुंचा दिया है द्य सूचना के अधिकार के तहत जानकारी अनुसार भुगतान पंजी में सरपंच पति अंगद यदु के नाम से विधि-विरुध्द लाखों रूपये की राशि सरपंच-सचिव ने निकली है जैसे कि छड़,गिट्टी, रेत, सीमेंट, लेबर सप्लाई से लेकर निर्माण कार्य सहित अन्य कई प्रकार की योजनाओं में राशि गबन के उद्देश्य से बिना लायसेंस, बिना जीएसटी के अपना कानून अपना राज वाली भूमिकाये निभाई है द्य 15 अगस्त, 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वो में भी 20-25 हजार रूपये बूंदी मिठाई की बंदरबांट की गई यही नहीं साफ सफाई आदि किसी को भी भ्रष्टाचार का शिकार बनाया गया है ।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरपंच के सारे कार्यो में हस्ताक्षर भी सरपंच पति अंगद यदु करते है क्यूंकि सरपंच सामने नहीं आती और समस्याओं के समाधान के बारे में अपने पति से ही मिलने को कहती है द्य इसी कारण से ग्राम के स्वच्छता, पेयजल व नवीन गौठान के कार्य पिछड़ रहे है। संविदा नियुक्त सचिव संगीता मिश्रा द्वारा 8 साल से इस पंचायत में पदस्थ है और उनके द्वारा पंचायत में शासकीय योजनाओं के कार्यो में किसी प्रकार की कोई रुचि नहीं ली जा रही है । स्थानीय ग्रामीणों की माने तो वह पंचायत में महीने मे कभी कभार आती है जिस कारण से उन्हें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। वही सचिव को फोन लगाने पर उनका नंबर नहीं लगता ना ही वो फोन उठाती है। ग्रामीणों की माने तो उनके मोबाइल पर जिनका नंबर सेव रहता है वह उन्हीं का ही फोन उठाती बाकी अन्य किसी का भी फोन नहीं उठाती है। सचिव संगीता मिश्रा की तानाशाही रवैये से ग्रामीण वर्षो से परेशान है किंतु प्रशासनिक अधिकारियों की संरक्षण मिलने के चलते इनका तबादला नहीं हो पा रहा है।




### नवीन गौठान में नहीं दिख रहा सचिव की रुचि

ग्रामीणों की माने तो सचिव संगीता मिश्रा की कार्यप्रणाली हमेशा सवालो के निशाने पर रहती है उनके द्वारा 10 दिन पूर्व ग्राम के गौठान में शुरू हुई गोबर खरीदी मे किसी प्रकार की कोई मॉनिटरिंग व व्यवस्था को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे गोबर खरीदी में भी समस्या उत्पन्न हो रही है। जिस कारण से गोबर विक्रेता भी सचिव से खासे परेशान हैं प्रशासन को ध्यान देकर ऐसे सचिव पर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए जो शासन के योजनाओं पर ग्रहण लग रहे हैं।

### स्वच्छता पर नहीं है सचिव का ध्यान

पति की मृत्यु पश्चात संविदा नौकरी के पद पर आसिन संगीता मिश्रा को लगभग 8 वर्षो से अधिक हो गया है किंतु ग्राम पंचायत दशरमा में स्वच्छता की बात करें तो उनके द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है दो-तीन वर्षो में एक बार सफाई करा दिए तो बहुत बड़ी बात है। वही ग्रामीणों की नाराजगी व पंचायत कार्यालय नियमित नहीं खुलने के संबंध में ग्राम पंचायत दशरमा के सचिव संगीता मिश्रा से उनके मोबाईल नंबर 8462816868 पर संपर्क करने का लगातार प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने मोबाईल नहीं उठाया। सरपंच कौशिल्या यदु से भी मुलाकात कर अभिमत लेने का प्रयास किया गया किन्तु वह अपने प्रतिनिधि पति अंगद यदु के बिना कोई भी जवाब देने से मना कर दिये।

वही जब सचिव के कार्य प्रणाली के विषय में बलौदाबाजार जनपद के सीईओ रवि कुमार का कहना है कि उक्त संबंध में जॉचकर कार्यवाही करने की बात कही गई।

# शिक्षक दिवस पर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने किया रिटायर शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 6 सितंबर।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के संस्थापक टीकेंद्र उपाध्याय के द्वारा तिल्दा नेवरा में संस्कृतिक भवन में *गुरुवर सम्मान समारोह* का आयोजन किया गया जिसमें तिल्दा विकासखंड तिल्दा विकासखंड , सिमगा विकास खण्ड के सेवानिवृत्ति शिक्षकों को आमंत्रित कर चरण धोकर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भावपूर्ण सम्मानित किया गया । उक्त समारोह में लगभग 250 सेवानिवृत्ति शिक्षक सम्मिलित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आदरणीय गुरुजनों का चरण परिचालन कर साल श्रीफल, छतरी ,टार्च , पुष्प गुच्छ के जीवनोपयोगी पत्रिका अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तिल्दा विकासखंड में प्रथम बार ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित था उपस्थित समस्त गुरुजनों ने इसके लिए सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के संस्थापक एवं उनके पूरे टीम को साधुवाद आभार प्रेषित किया पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री राम अवतार पांडे ने अपने उद्बोधन में उक्त आयोजन की ऐतिहासिकता एवं प्रथम बार सच्चा सम्मान होना बताया । गुरुजनों की उपस्थिति उक्त कार्यक्रम को गरिमामयी बना दिया। सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा भजन एवं काव्य पाठ की प्रस्तुति अद्भुत रहा। गोपाल वर्मा, सुभम वर्मा, संतराम ,कृष्ण मुरारी वर्मा ऋषि कुमार वर्मा ने काव्य पाठ कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया ।इसके पूर्व मंच पर आसिन अतिथियों का स्वागत तिल्दा विकासखंड के समन्वयकों के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। इस गौरवमयी




कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील सोनी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ , मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी ,पाठ्य पुस्तक निगम, विशिष्ट अतिथियों में आशा यादव सदस्य बाल संरक्षण आयोग देवेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलदाऊ साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ,देवा दास टंडन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी थे । सेवानिवृत शिक्षकों के आमंत्रण में मुबारक हुसैन सर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन ऋषि वर्मा ने वर्मा, ने किया। मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुओं का स्थान ब्रह्मा विष्णु महेश के समान है। पद परिक्छालन के समय कुछ गुरु जन सकुचा रहे थे की मुख्य अतिथि स्वयं ब्राह्मण है, कैसे पर धुलवाएं, इसका जिक्र करते हुए त्रिवेदी जी ने कहा कि जो मेरी वर्तमान अवस्थिति है वह आप सब गुरुओं का ही आशीर्वाद है। मेरा अहो भाग्य है जो आज मुझे यह सौभाग्य मिला है।सेवा सुगंधम समिति से विनोद जाधव , संभू ठाकुर , मोनू शुक्ला , योगेंद्र पटेल, अखलेश्वरी शुक्ला , जगन्नाथ दास ,संदीप मंडल , जी के सोनी ,संजय शर्मा , आशीष उपाध्याय, विनीत उपाध्याय।

# अधिमानी बोलीदारो को रेत खदान आवंटित

**बलौदाबाजार 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन नियम 2019 के तहत जिले के 7 रेत खदानों का तृतीय चरण में निलामी उपरांत अधिमानी बोलीदारो को आबंटित कर दिया गया है। उप संचालक खनिज प्रशासन श्री कुंदन कुमार बंजारे ने बताया कि निविदा में प्राप्त बोलियों तथा पूर्व निर्धारित तिथि व समयानुसार 11 अगस्त 2023 को सफलतापूर्वक लॉटरी पद्धति के माध्यम से अधिमानी बोलिदार हेतु चयनित बोलिदारो को रेत खदान आवंटित किया गया है। रेत खदान चरौदा/बम्हनी के लिए अधिमानी बोलीदार श्री पंकज चंद्राकर निवासी कलई चौक आरंग जिला रायपुर, परसापाली के लिए श्री उमादेव यादव निवासी नवागांव सलका बिलासपुर,नंदनिया के लिए मेसर्स एमएसके यदु ब्रिक्स प्रो. शत्रुहन यदु निवासी ग्राम नकटा मंदिर हसौद तहसील आरंग, पाहंदा के लिए श्री गुरूचरण सिंह गुम्बर निवासी दयालबंद जिला बिलासपुर, पैरागुड़ा/पुटपुरा के लिए श्री उमेश कुमार बर्मन निवासी सतनामी चौक खम्हारडीह शंकर नगर जिला रायपुर, मलपुरी के लिए श्री पदमकुमार डड़सेना निवासी सेल तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं बिजराडीह के लिए मेसर्स एमएसके यदु प्रो. मिथलेश यदु मंदिर हसौद तहसील आरंग जिला रायपुर का चयन किया गया है।

### विधायक अजय चंद्राकर ने किया अहाता निर्माण का भूमिपूजन

**कुरूद 6 सितंबर।** आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में गत दिवस गौड़ समाज कुरूद के तत्वावधान में6.50लाख रूपये लागत राशि के आहाता निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था.जिसके मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने अपने कर कमलों से नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया.तत्पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आदिवासी समाज के लोगों को बधाई दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज को अपने गौरवशाली इतिहास संस्कृति पर गौरवान्वित होना चाहिए. इतिहास आने वाली पीढ़ी को मार्ग प्रशस्त करता है. देश में हुई 1857 की पहली क्रांति के इतिहास का पुन- लेखन होना चाहिए. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 1857 की पहली क्रांति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह ने जनमानस में देश के प्रति प्रेम जगाने का काम किया.उन्होंने रानी दुर्गावती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह मुगलों के हाथों लगने से पहले ही अपना गला काटकर शहीद हो गई. अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई,आदिवासी गोड़ समाज के अध्यक्ष शिवचरण नेताम, ए. आर.ठाकुर सहित अनेक वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया.इस अवसर पर सरजू राम परते, कुलंजन मंडावी,ललित ठाकुर, हरिश्चंद्र मंडावी, बसंत ध्रुव, संतोष सोरी, पोखराज नेताम, बोधन ध्रुव,ठाकुर राम नेताम, आदि ने किया.



# धाराशिव के लोगों को आठ माह से नहीं मिल रही निराश्रित पेंशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 6 सितंबर।** बुढ़ापे का सहारा बना निराश्रित पेंशन को हर माह दिए जाने के दावे गलत साबित हो रहे हैं। आज भी ऐसी कई ग्राम पंचायतें है जहां बुजुर्गो को दिए जाने वाला निराश्रित पेंशन किसी को 4 माह से तो किसी को 8 माह से नहीं मिल पा रहा है। निराश्रित व वृद्धापेंशन के लिए बुजुर्ग हितग्राही भटक रहे हैं और निराश्रित पेंशन नहीं मिलने की समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जनपद कार्यालय तक पहुंच रहे हैं फिर भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है ! जिससे बुजुर्ग निराश्रित पेंशनधारी हितग्राही काफी परेशान है। ऐसा ही एक मामला बलौदाबाजार जिला के धाराशिव में सामने आया है जहां दर्जन भर निराश्रित पेंशनधारी को पिछले आठ माह से निराश्रित पेंशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे हताश होकर , वे सभी जनपद कार्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धाराशिव के



निराश्रित पेंशन पाने के लिए भटक रहे ग्रामीण तेलीनबाई टण्डन, मुन्नी बाई मनहरे, संतरा बाई देवदास, सावित्री बाई साहू, फिरन बाई यादव, पवन बाई मिरी, भगवानी मिरी, सुखउ यादव, दुकालू चन्द्राकर, पिरन यादव, रामरतन सायतोड़े ने बताया कि वे पिछले 8 माह से निराश्रित का पेंशन पाने के लिए दर-दर भटक रहे है। उनका कहना है कि पेंशन की राशि नहीं मिलने से घर खर्च नहीं चल रहा है। वृद्धा पेंशन पाने वाले निराश्रितों का कहना है कि पेंशन की राशि पाने के लिए दूसरे से गाड़ी किराया करके जनपद पंचायत बलौदाबाजार में शिकायत करने पहुंचे है, ताकि हमें अपना वृद्धा पेंशन की राशि मिल सके। पेंशन लेने पहुंची एक 80 वर्षीय बुजूर्ग महिला का कहना है कि बुढ़ापे में केवल पेंशन ही हमारा एकमात्र सहारा है। परिवार से मदद नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से पेंशन की राशि पाने के लिए दर-दर की ठोकर खाते फिर रहे है। फिर भी अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा हमें पेंशन नहीं दिलाया जा रहा है। वहीं, एक दूसरे पेंशन धारी का कहना है कि बुढ़ापे में चश्मा खरीदने के लिए रूपये नहीं है, चश्मा का कांच टुट गया है। चश्मा नहीं होने की वजह से बड़ी कठिनाई उठानी पड़ रही है। यदि हमें एक सप्ताह के भीतर पेंशन की राशि नहीं दिलाया जाता है तो हम सभी पेंशनधारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में सरपंच बंशीलाल चेलक ने कहा कि पहले ग्राम पंचायत स्तर से पेंशन मिलता था तो हितग्राहियों को प्रतिमाह मिल जाता था। अब आनलाइन के चलते हितग्राहियों को कभी चार माह तो कभी 8 माह से पेंशन नहीं मिल पा रहा है। जिसकी जानकारी मेरे द्वारा उच्च अधिकारी को दी गई है।

### नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 9 सितम्बर को

**बलौदाबाजार, 6 सितम्बर ।** जिला आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। शिविर में भाग लेने के लिए परिचय पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड साथ में लेकर आना अनिवार्य है।


### आम - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विकास कुमार सिन्हा पिता भगवान प्रसाद सिन्हा निवासी कालेज कालोनी धनपुरी, पोस्ट बुढ़ार, तहसील बुढ़ार, शहडोल (म.प्र.) हाल मुकाम वार्ड नंबर 13 राजेन्द्र किराया भण्डार बलौदाबाजार,- तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के पास श्रीमती श्रुति - टिबरेवाल पति राहुल टिबरेवाल निवासी संजय गांधी वार्ड बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार ने अपने नाम पर मौजा बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. वो तहसील बलौदाबाजार में दर्ज / स्थित फ्लेट नंबर 06 तीसरा फ्लोर 2 बी एच के ब्लॉक-ए में 653 वर्गफीट पर एक फ्लेट है, जिसके उत्तर में तीसरा फ्लोर फ्लेट नंबर 07. दक्षिण मे खाली जगह, पूर्व में तीसरा फ्लोर फ्लेट नंबर 05, पश्चिम में खाली जगह है, उक्त फ्लेट वार्ड नंबर 19 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में कृष्णा अपार्टमेंट में स्थित है जो कि वाद संपत्ति है, को 06 लाख रूपये में बेचने का सौदा पक्का किया है तथा 03 लाख रूपये बयाना के रूप में मेरे पक्षकार से प्राप्त कर एक पंजीकृत विक्रय ईकरारनामा भी श्रुति टिबरेवाल पति राहुल टिबरेवाल ने गवाहों के समक्ष दिनांक 28.06.2023 को निष्पादित की है। उक्त वाद संपत्ति को श्रीमती श्रुति टिबरेवाल पति राहुल टिबरेवाल पुन: किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के पास बेचने का सौदा करने का प्रयास कर रही है ऐसा मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी हुई है। जबकि उक्त वाद संपत्ति को मेरे पक्षकार के पास बेचने का ईकरार करते हुए पंजीकृत विक्रय का इकरारनामा निष्पादित कर चुकी है। ऐसी स्थिति मे उक्त वाद संपत्ति के संबंध में क्रय-विक्रय अथवा अन्य तरीके से लेन-देन करने का संव्यवहार न करें। इस आम सूचना के बाद भी कोई व्यक्ति अथवा संस्था लेन-देन का संव्यवहार अथवा दस्तावेज निष्पादन संबंधी कोई संव्यवहार करते है, तब उसके लिए संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा खरीदार को कोई स्वत्व एवं अधिकार का अर्जन नहीं होगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 01/09/2023

राजेन्द्र कुमार फेकर
अधिवक्ता,बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )



### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200067

विषय: - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- भोला यादव,
अनावेदक पक्षकार-

#### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला यादव आ. बरातू यादव जाति राउत निवासी इंदिरा नगर वार्ड नम्बर 05 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के परनाना झाडू यादव पिता बजरंगी यादव का मृत्यु दिनांक 21.01.2003 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.09.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़



### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092100037

विषय: - अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
लेड़ीजोब प.ह.न. 00026
[ 78/4( 0.2430 हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- सुनीता बाई,
अनावेदक पक्षकार-

#### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता बाई पति राधेलाल जाति हल्बा निवासी ठेठवार पारा वार्ड न. 23 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा ग्राम लेडीजोब प.ह.नं. 26 रा.नि.म. चौथना में खसरा नं. 78/4 रकबा 0.243 हे. भूमि स्थित है। जिसमें मेरी जाति हल्बा (अन्य पिछड़ा वर्ग) दर्ज है, जो गलत है, मेरी जाति हल्बा (अनुसूचित जनजाति) है, जो सत्य है, उपरोक्त भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड में ऋण पुस्तिका क्रमांक, लगान एवं फसल दर्ज नही है, जिसके कारण मुझे शासकीय कार्यों में परेशानिया हो रही है। अत: भूमि ग्राम लेडीजोब खसरा क्रमांक 78/4 के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में जाति हल्बा (अनुसूचित जनजाति), ऋण पुस्तिका क्रमांक, लगान एवं फसल दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.09.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़



### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 1224 / न.पा./रा. वि. / 2023-24 तिल्दा नेवरा दिनांक 01/09/23

#### ईश्तहार - सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार जैन आत्मज स्व. श्री ताराचंद जैन वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि / भवन का स्व. श्री सुन्दर लाल जैन आत्मज स्व.श्री मोहन लाल जैन वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा के मृत्यु दावा पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 113 / 12 भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 01.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा



### न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

#### उद्घोषणा

क्रमांक/ /प्र.तह./2023 गुरूर दिनांक 28/08/23

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी नरबदा प.ह.न. 13 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीनूराम आ. खोरबाहरा जाति महार निवासी नरबदा तहसील गुरुर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पुत्र नवीन कुमार आ./पति दीनूराम की जन्म दिनांक 01/07/1996 को ग्राम नरबदा में हुई है। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 11/09/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
गुरुर, जिला बालोद



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर, जिला नारायणपुर
(जल जीवन मिशन)

#### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा क्र.390, 391, 392, 393, 394,395, 396, 397, 398, 399, 400, 401/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 नारायणपुर/दिनांक 02.09.2023

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 146399 | [illegible] | 15.32 |
| 2 | 146400 | [illegible] | 10.23 |
| 3 | 146401 | [illegible] | 5.03 |
| 4 | 146402 | [illegible] | 4.03 |
| 5 | 146403 | [illegible] | 7.09 |
| 6 | 146404 | [illegible] | 14.81 |
| 7 | 146405 | [illegible] | 13.07 |
| 8 | 146406 | [illegible] | 35.54 |
| 9 | 146408 | [illegible] | 8.75 |
| 10 | 146409 | [illegible] | 12.99 |
| 11 | 146410 | [illegible] | 18.83 |
| 12 | 146411 | [illegible] | 21.84 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 19.09.2023 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दसतावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 04978/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर(छ.ग.)



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर, जिला नारायणपुर
(जल जीवन मिशन)

#### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा क्र. 367, 368, 369,370,371, 372, 373, 374, 375, 376, 377, 378, 379, 380, 381, 382, 383, 384, 385, 386, 387, 388, 389,/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 नारायणपुर/दिनांक 02.07.2023

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 146365 | [illegible] | 8.68 |
| 2 | 146366 | [illegible] | 16.02 |
| 3 | 146367 | [illegible] | 8.56 |
| 4 | 146368 | [illegible] | 9.50 |
| 5 | 146369 | [illegible] | 8.66 |
| 6 | 146370 | [illegible] | 12.17 |
| 7 | 146372 | [illegible] | 13.08 |
| 8 | 146374 | [illegible] | 9.85 |
| 9 | 146375 | [illegible] | 12.40 |
| 10 | 146376 | [illegible] | 23.28 |
| 11 | 146377 | [illegible] | 11.38 |
| 12 | 146379 | [illegible] | 12.97 |
| 13 | 146381 | [illegible] | 6.08 |
| 14 | 146386 | [illegible] | 9.02 |
| 15 | 146387 | [illegible] | 7.63 |
| 16 | 146388 | [illegible] | 6.92 |
| 17 | 146391 | [illegible] | 15.49 |
| 18 | 146393 | [illegible] | 19.17 |
| 19 | 146394 | [illegible] | 9.42 |
| 20 | 146395 | [illegible] | 18.48 |
| 21 | 146396 | [illegible] | 26.08 |
| 22 | 146397 | [illegible] | 8.60 |
| 23 | 146398 | [illegible] | 5.35 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 18.09.2023 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 04949/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर(छ.ग.)

## एक नजर

### सिंधी समाज का थदिडी पर्व आज, नहीं जलेगा चूल्हा, खाते हैं ठंडा खानाः बलराम

**रायपुर 6 सितंबर।** सिंधी समाज बुधवार को थदिडी पर्व (शीतला सप्तमी) मनायेगा।



समाज सेवी बलराम मंधानी ने बताया कि थदिडी का सिंधी भाषा अर्थ ठंडा शीतल होता है यह पर्व रक्षाबंधन के आठवें दिन मनाया जाता है संतान की बीमारियों से रक्षा और उनके दीर्घ जीवन के लिए पर्व मनाया जाता है रात को सोने से पहले चूल्हे पर जल छिड़क कर हाथ जोड़कर पूजा की जाती है दूसरे दिन सिंधी समाज के किसी भी घर मे चूल्हा नही जलता है और एक दिन पहले बना ठंडा खाना ही खाया जाता है इसके पहले परिवार के सभी सदस्य किसी नदी नहर कुवा या बावड़ी पर इकट्ठे होते है वहाँ माँ शीतला देवी की पूजा की जाती है इस दिन बहन और बेटियों को मायके बुलाया जाता है।

### एस-कैब जेड लॉन्च

**रायपुर 6 सितंबर।** इसुजु मोटर्स इंडिया ने भारत में बिल्कुल नया डी-मैक्स एस-कैब जेड वेरिएंट लॉन्च किया। यह कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में सबसे स्मार्ट दिखनेवाला करू -कैब पिक-अप है, जो 'बियोंड द आर्डिनरी (साधारण से बेहतर) वाहन है। इसमें स्मार्ट लुक, मजबूत एवं टिकाऊ वर्क हॉर्सक्षमता, सुरक्षा एवं कार जैसे आराम आदि गुणों के साथ भारत में पिक-अप संस्कृति की भावना का प्रतिबिंब है। इस टॉप-एंड वैरिएंट के साथ अब इसुजु मोटर्स इंडिया के पास सभी व्यवसायिक और पेशेवर ज़रूरतों के लिए ज़्यादा विस्तृत एवं बहु-उपयोगी श्रृंखला मौजूद है। इसुजूडी-मैक्स एस-कैब जेड उभरते हुए भारतीय व्यापारियों और पेशेवरों को अपनी व्यवसायिक ज़रूरतें पूरी करने के लिए एक स्टाइलिश वाहन प्रदान करता है, जो आजीवन चलने के लिए बनाया गया है।

### लाइट्स की नई सोलरियन श्रृंखला

**रायपुर 6 सितंबर।** अपनी अनोखी पेशकशों से उपभोक्ता के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिये प्रसिद्ध, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (सीजीसीईएल) ने आउटडोर लाइटिंग की अपनी नई खूबसूरत और विविधतापूर्ण श्रृंखला सोलरियन गार्डन लाइट्स को लॉन्च करने की घोषणा की है। गुणवत्ता, दीर्घकालिक टिकाऊपन और नवाचार में 80 वर्षों की विरासत के साथ बाहरी स्थानों की सुन्दरता बढ़ाने के लिए बनी इस नई श्रृंखला में ब्राण्ड और उसकी सेवा का वादा जुड़ा है। इन नये लाइटिंग फिक्सचर्स पर पानी, मौसम और जंग का असर नहीं होता है। इन्हें उपभोक्ताओं द्वारा चुने जाने के लिये विविधतापूर्ण श्रृंखला में पेश किया गया है। इस प्रकार यह हर मौसम में आपकी पगडंडी को जगमगाने और बगीचे की खूबसूरती को बढ़ाने का सबसे बढ़िया समाधान है।

### पाटन, कवर्धा सहित चार नगरों के मास्टर प्लान लागू

**रायपुर, 6 सितंबर।** आवास एवं पर्यावरण विभाग ने पाटन, कवर्धा, धमतरी एवं पिथौरा निवेश क्षेत्रों हेतु मास्टर प्लान 2031 की अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग ने पिछले महीने ही रायपुर एवं कुरूद का मास्टर प्लान भी जारी किया था। नए मास्टर प्लान में पाटन मास्टर प्लान 2031 महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विधानसभा क्षेत्र है। पाटन मास्टर प्लान 2031 लगभग 1 लाख की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नियोजन दृष्टिकोण से सेवा सुविधाओं की क्षमता विकास योजना कार्यकाल के आगे की अवधि के लिए भी प्रस्तावित की गई है। इसके साथ-साथ सुनियोजित विकास एवं यातायात की सुगमता हेतु विभिन्न प्रस्ताव दिए गए हैं। कवर्धा मास्टर प्लान 2031 एवं पिथौरा मास्टर प्लान 2031 भी 1 लाख की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए है, जबकि धमतरी विकास योजना 2031 ढाई लाख जनसंख्या की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सभी विकास योजनाओं में भू उपयोग एवं नगर विकास के प्रस्ताव के साथ साथ नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा सुविधाओं के प्रस्ताव सृजित किए गए हैं। ताकि सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिल सके।

### अधीक्षिका के रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 9 तक

**रायपुर, 6 सितंबर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु व्यापमं के माध्यम से चयन परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित कर दिए गए है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से की जाएगी। अभ्यर्थी 6 सितंबर से 9 सितंबर 2023 रात्रि 11.59 बजे तक संचालनालय की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग की विस्तृत प्रक्रिया और कटऑफ मार्क्स की जानकारी संचालनालय की वेबसाईट पर प्राप्त कर सकते है।

# महाविद्यालयों में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों में रुचि नहीं

मुख्यनगर संवाददाता

**रायपुर,6 सितंबर।** शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर विद्यार्थी काफी उदासीन हैं। इस समय राजधानी के निजी महाविद्यालयों में काफी कम छात्रों ने प्रवेश लिया है। कोरोना संकटकाल के बाद वे नियमित विद्यार्थी के रुप में पढ़ाई नहीं करना चाहते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितंबर रखी गयी है। छात्र कहते हैं कि बतौर निजी छात्र के रुप में परीक्षा देने से फायदा है। अव्वल तो फीस कम लगती है दूसरा कालेज जाने का झंझट नहीं रहता है। ऑनलाइन परीक्षा में छात्र ज्यादा अंक लाए हैं। इससे पढ़ने वाले छात्राओं का घाटा हुआ है। कोचिंग सेंटर वालों ने भी चांदी काटी है। राजधानी के समीप माना, खरोरा, धरसींवा और बिरगांव में भी महाविद्यालय खुल गये हैं। छात्र राजधानी रायपुर में पढ़ना नहीं चाहते हैं क्योंकि राजधानी में रहने से हास्टल का खर्चा सबसे ज्यादा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार10 सितंबर अंतिम तिथि होगी। महाविद्यालयों में अलग-अलग संकायों के लिए अलग-अलग नियम बने हैं। पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद प्रवेश के लिए साक्षात्कार देना होगा। निजी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए रास्ता साफ है लेकिन शासकीय महाविद्यालयों में कट ऑफ मार्क्स ज्यादा चला गया है।

### कम्प्यूटर साइंस में दिलचस्पी

राजधानी में एक सर्वे के अनुसार छात्र बढ़ती टेक्नॉलॉजी के साथ अब कम्प्यूटर साइंस में बीटेक करना चाहते हैं। विज्ञान महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए लंबी कतार है। गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की कोई रूचि नहीं है। महाविद्यालयों के प्राचार्यो के रविशंकर वि.वि. अधीन 150 महाविद्यालय आते हैं। विधानसभा चुनाव को देखते हुए छात्र संघ चुनाव की कोई सुगबुगाहाट नहीं है। एकेडमिक कलेंडर के अनुसार महाविद्यालयों में अध्ययन शुरू हो जाना था लेकिन रिजल्ट देरी से आने के कारण प्रवेश की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। प्राध्यापकों के अनुसार यहां पर पाठ्यक्रमों को भी कम किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति बनाने के लिए वर्तमान में चर्चा चल रही है।



रायपुर 6 सितंबर। राठौर चौक,गंज बाजार, अनाज लाइन में अमृततुल्य, बिरयानी जंक्शन व होटलों का पानी जमा हो रहा है जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहुत बार समझाने के बाद भी होटल वाले मान नहीं रहे हैं । गंदा पानी बीमारियों को जन्म दे रहा है।

### बृजेश पाण्डेय राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

**रायपुर, 6 सितंबर ।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा आज 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ. पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्वारा समारोह में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किए गए।

## झारखंड में राज्य के दो लोग बंधक पीड़ित ने शासन से लगाई मदद की गुहार

**रायपुर, 6 सितंबर।** आयरन कंपनी चंडिल जमशेदपुर-झारखंड में पिता-पुत्र को बंधक बनाकर रखने की जानकारी सामने आई है। शहर में रहने वाले गौतम साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री के साथ ही डीजीपी, गृहमंत्री आदि से बंधकों को छुड़ाने की गुहार लगाई है। जारी विज्ञप्ति में आवेदक गौतम साहू ने बताया कि उसके जीजा दुलार राम साहू एवं भांजा देवा साहू को चंडिल जमशेदपुर (झारखंड) के एक कंपनी प्रबंधन द्वारा बंधक बनाकर रख लिया है । उनके साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। नाम गुप्त रखने की शर्त पर कंपनी के ही उनके सहयोगियों ने फोन करके उक्त जानकारी दी है। दोनों का मोबाइल ऑन है परंतु मोबाइल रिसीव नहीं किया जा रहा है। वहीं उनके एकाउंट से 10 से 15 लाख रूपए भी निकाल लिया गया है। पीड़ितों की कोई सूचना नहीं मिलने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। अतः मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी, एसएसपी को आवेदन देकर गौतम साहू ने मदद की गुहार लगाई है।

## स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से सेवाएं प्रभावित

■ 200 से अधिक कर्मचारी किए गए निलंबित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,6 सितंबर।** राज्य में स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल का दूसरा सप्ताह है। शासन एस्मा लगा देने के बाद भी कर्मचारी हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य मंत्री से इनकी मुलाकात हो चुकी है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस हड़ताल का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल पर पड़ रहा है। वर्तमान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता,लैब टेक्नीक्शन एवं अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ये सभी कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ मंत्री टीएस सिंहदेव से उनकी मुलाकात हो चुकी है। राजधानी के समीप तूता में बैठे कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी करने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार रायपुर जिला में 200 कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में यह कार्रवाई चल रही है।

### सफाई कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग की

मेडिकल कालेज में कार्यरत 300 से अधिक सफाई एवं अन्य कर्मचारियों ने नियमितीकरण होने की मांग की है। इस संबंध में डीन मेडिकल कालेज तृप्ति नागरिया ने एक प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया है। वर्तमान में इन कर्मचारियों को स्वाशासी माध्यम से वेतन दिया जाता है। इसके चेयरमेन टीएस सिंहदेव हैं। डेंटल कालेज में भी कई प्राध्यापक कार्यरत हैं उन्होंने भी नियमित नियुक्ति की मांग की है। छत्तीसगढ़ में इस समय चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी काफी कम है।

### पुलिस विभाग में तबादले

**रायपुर 6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में तबादले हुए हैं. पीएचक्यू ने सूची भी जारी कर दी है. इस सूची में 25 टीआई, 70 एसआई, 22 एएसआई, 28 हवलदार और 138 आरक्षकों की तबादला सूची जारी कर दी गई है. आईए जानते हैं, पुलिस के कौन से टीआई और सब इंस्पेक्टर इधर से उधर किए गए है। इंस्पेक्टर किशोर कुमार केवट को बस्तर से ट्रांसफर कर बिलासपुर भेजा गया है. इंस्पेक्टर दामोदर मिश्रा का स्थानांतरण बस्तर से बिलासपुर किया गया है. इंस्पेक्टर विजय कुमार चेलक को बस्तर से रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर मोनिका पांडे को बालोद से जिला बल दुर्ग ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा को कांकेर से दुर्ग ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को कबीरधाम से महासमुंद ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर ललित कुमार यादव को कोंडागांव से बलरामपुर रामानुजगंज ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार को बिलासपुर से सरगुजा ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर कृष्णकांत सिंह को बिलासपुर से जिला रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर नंदन लाल राठिया को जशपुर से सक्ति ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर शीष कुमार सिंह को जिला नारायणपुर से सरगुजा ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर रजनीश कुमार सिंह को सरगुजा से बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है. निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल को सुकमा से हटाकर कांकेर ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर गिरीश कुमार तिवारी को दुर्ग से रायपुर ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर भुनेश्वर नाग को नारायणपुर से कोंडागांव ट्रांसफर किया गया है. इंस्पेक्टर राकेश मिश्रा को गरियाबंद से हटकर रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 7 को

**रायपुर 6 सितंबर।** मुख्य पुजारी राजू महराज ने बताया की जवाहर नगर स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर , श्री राधाकृष्ण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव ( जन्माष्टमी ) 7 सितंबर को मनाया जाएगा। प्रातः 8:30 बजे 501 लीटर. दूध से श्री जुगलजोडी सरकार का दुग्धाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा. साथ ही भजन कीर्तन चलता रहेगा.भोग , आरती ,पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा... सायं 5:30 बजे से सभी भक्तगण जुगलजोडी सरकार के दर्शन लाभ ले सकेंगे...पूरे मंदिर परिसर को कलकत्ता के



कलाकारों द्वारा फूलों से सजाया जाएगा... अलौकिक विद्युत साज सज्जा की जायेगी।रात्रि. 7:00 बजे से प्रतिदिन सेवा देने वाले भक्तों द्वारा भजन प्रारंभ रात्रि 8:30 बजे ( चांपा ) से पंकज अग्रवाल , ( बिलासपुर ) से संटी अग्रवाल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात.12:00 बजे आतिशबाजी के साथ ठाकुर श्री कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव मनाया जायेगा , पश्चात आरती के सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया जाएगा। दिनांक 08/09/23 *शुक्रवार को प्रातः 9:00 बजे शोभायात्रा भक्तों द्वारा भजन ,कीर्तन करते हुए , बैंड बाजा के साथ निकाली जाएगी..जो की रामसागर पारा , राठौर चौक , गुरुनानक चौक , एम.जी. रोड होते हुए वापस मंदिर लौटेगी।शोभायात्रा पश्चात मंदिर में मटकी फोड़ होगा एवम बधाई गीत के साथ नंदोत्सव मनाया जायेगा, पश्चात सभी भक्तों को पुजारी जी द्वारा बधाई श्री फल व प्रसाद वितरित जाएगा.।

## किसानों से 'पास मशीन' से ही खाद लेने की अपील

**रायपुर, 6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के निर्देशानुसार राज्य के समस्त जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण तथा अनियमितता पर कार्यवाही की जा रही है।

शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय पास मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है, पास मशीन से विक्रय पश्चात् ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कंपनी को प्राप्त होता है। इसलिये फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पास के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नही करना चाहिये तथा कृषकों को उर्वरक विक्रय किये बिना भी कतिपय कंपनियों के किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर पास से उर्वरक स्कंध नही घटाना चाहिये।

फुटकर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों के बिना वास्तविक बिक्री के फर्जी (फेक) पास सेल करने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिये राज्य के समस्त जिले के विभिन्न अनुविभागों में नियुक्त अनुविभागीय कृषि अधिकारी, विकासखंडो में नियुक्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पास में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनों स्कंध में भिन्नता पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।



रायपुर 6 सितंबर। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निकेश बड़रिया (अनूपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स )थे, मुख्य अतिथि सुषमा अग्रवाल ( लेखिका, समाज सेविका, कवित्री )थी, विशेष अतिथि प्रमोद दुबे (अध्यक्ष नगर निगम रायपुर )थे। शिक्षकों का सम्मान किया गया।

## नवा रायपुर में स्टंट करना पड़ा महंगा: 6 बाइक जब्त, पुलिस ने राइडर्स को किया गिरफ्तार

**रायपुर, 6 सितंबर।** राजधानी नवा रायपुर में 6 बाइक राइडर्स को स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया। राइडर्स इकठ्ठे होकर सड़क के बीचों-बीच स्टंट कर रहे थे। इसकी सूचना मंदिर हसौद और राखी थाना पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और उनके खिलाफ कार्रवाई की है। इस संबंध में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 6 नग बाइक जब्त किया गया है। इसके साथ ही मंदिर हसौद और राखी थाना में धारा 279 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

मंदिर हसौद और राखी थाना क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में कुछ लोग रोड में बाइक से स्टंट कर रहे थे। इससे खुद के और दूसरों के साथ दुर्घटना होने और मानव जीवन को संकट में डाले जाने की संभावना है। इससे देखते हुए मंदिर हसौद और राखी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने स्टंट कर रहे जगह पर जाकर राइडर्स की पतासाजी किए। इस दौरान लोगों की पहचान योगेन्द्र मधुकर, सुजल सिंग, रोशन दत्ता, कृष्णा साहू, अख्तर अली और दीपक कुमार गोटे को गिरफ्तार किया गया।

नवा रायपुर में शाम होते ही बाइक राइडर्स इकठ्ठे होकर स्टंटबाजी करते रहते हैं। आबादी कम होने से यहां की सड़कें सुनसान रहती हैं। इस वजह से लोग महंगे बाइक लेकर स्टंट करते हुए नजर आते रहते हैं। स्टंटबाज स्टंट करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। इससे पहले भी इस तरह के स्टंट करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

## नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

**रायपुर 6 सितंबर।** 3 सितंबर को वार्ड क्रमांक 7 कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड के वृंदावन गार्डन में छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा निशुल्क योग कक्षा का शुभारंभ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा द्वारा किया गया। अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक प्रतिनिधि श्री पंकज शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीमती सुशीला धीवर ने किया।यह छत्तीसगढ़ योग आयोग की 44 वां कक्षा है। आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेशशर्मा ने छत्तीसगढ़ योग आयोग के उद्देश्य प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग योग निशुल्क योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति



सजगता एवं जागरूकता पैदा कर रहा है और योग के माध्यम से न केवल अपने रोगों को मिटा रहे हैं बल्कि रोगों से बच भी रहे हैं ।योग के माध्यम से छत्तीसगढ़ योग आयोग गठन से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ में योग के प्रचार प्रसार कर लोगो को योग से जोड़ने का कार्य कर रही है।इसी तारतम्य में आगामी सप्ताह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का कार्यक्रम इंदौर स्टेडियम में आयोजित है ।श्री पंकज शर्मा जी ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए आवश्यक है और हम इसे अपने जीवन शैली में शामिल करें ।पार्षद पार्षद श्रीमती सुशीला धीवर अपने वार्ड में योग कक्षा खोलने पर खुशी व्यक्ति की ।आज उद्घाटन के अवसर पर छबि राम साहू एवं ज्योति साहू ने योगाभ्यास कराया तथा इस अवसर पर योग प्रभारी श्री रविकांत एवं सुश्री दिव्या नायक जो इस कक्षा की संचालिका है तथा श्रीपाल जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के द्वारा पौधारोपण भी किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23